वर्ष 23, अंक 251, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 5 अक्टूबर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, गरीबी से बाहर निकले 25 करोड़ लोग

**नई दिल्ली।**
**मोदी** ने कहा कि हमारा कमिटमेंट है कि भारत को विकसित बनाने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधार करते रहेंगे। भारत में विकास के साथ समावेशन भी हो रहा है। इसी का परिणाम है कि पिछले 10 साल में 250 मिलियन... यानि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज



भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। आज भारत जीडीपी के हिसाब से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम वैश्विक फिनटेक अपनाने की दर के मामले में नंबर वन हैं। आज हम स्मार्टफोन डेटा खपत के मामले में नंबर वन हैं। उन्होंने कहा कि आज, वैश्विक आपातकाल के बीच, हम यहां 'भारतीय युग' के बारे में चर्चा कर रहे हैं... इससे पता चलता है कि दुनिया भारत पर कितना भरोसा करती है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती और 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। फिनटेक अपनाने की दर के मामले में, हम शीर्ष देश के रूप में खड़े हैं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक वास्तविक समय लेनदेन का आधा हिस्सा भारत में होता है।

### छत्तीसगढ़ में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एके-47 सहित कई हथियार बरामद

## 30 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने किया ढेर

**छत्तीसगढ़**
**बस्तर** पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नारायणपुर-दंतेवाड़ा अंतर-जिला सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में दोपहर करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में कम से कम 14 संदिग्ध नक्सली मारे गए हैं। बस्तर पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नारायणपुर-दंतेवाड़ा अंतर-जिला सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में दोपहर करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर



निकली थी। अधिकारियों ने कहा कि माओवादियों के शवों की अभी तक पहचान नहीं की जा सकी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है क्योंकि पुलिस दल अभी भी जंगल में हैं।

महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच फैला अबूझमाड़ को 'अज्ञात पहाड़ी' के रूप में जाना जाता है क्योंकि ब्रिटिश काल के बाद से 6,000 वर्ग किमी के घने जंगल का सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

जंगल माओवादी गतिविधियों का केंद्र है और कहा जाता है कि सीपीआई (माओवादी) के लगभग एक दर्जन वरिष्ठ कैडर अभी भी वहां डेरा डाले हुए हैं। दोपहर में पुलिस द्वारा जारी बयान में यह भी खुलासा हुआ कि मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल और एक एसएलआर (सेल्फ-लोडिंग राइफल) सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।

### मोदी सरकार ने गांधीनगर में 2036 में ओलंपिक खेल आयोजित करने का संकल्प लिया है

## गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र समग्र देश में प्रथम हो इस लक्ष्य से आगे बढ़ रहे हैं

**गुजरात**
**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपनी गुजरात यात्रा के दूसरे दिन आज गांधीनगर नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि गांधीनगर क्षेत्र शुरू से ही विकास का केंद्र बिंदु रहा है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब से लेकर आज तक गांधीनगर में लगातार विकास कार्य चलता रहा है। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी गांधीनगर में अब मेट्रो भी आ गई है और यहाँ फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी और पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई है। साथ ही भारत में रेलवे स्टेशन पर सबसे पहला 5 स्टार होटल भी गांधीनगर में बना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गांधीनगर के पूर्ण विकास में बहुत अधिक योगदान दिया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन हुआ है उसे गांधीनगर की जनता को छोटे हिस्सों में नहीं देखना चाहिए। 2014 में नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद एक हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ अर्बन डेवलपमेंट पॉलिसी लाई गई और शहरों को सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त करने की नीतियां बनाई गई। उसी अर्बन



डेवलपमेंट पॉलिसी के परिणामस्वरूप गांधीनगर आज स्मार्ट सिटी फ्रेमवर्क के बीच आधुनिक तथा सभी सुविधाओं से युक्त शहर बन रहा है। शाह ने कहा कि 2014 से पहले पूरे देश में अर्बन डेवलपमेंट के लिए न कोई प्रोजेक्ट थे और न ही कोई पॉलिसी थी।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अर्बन डेवलपमेंट के लिए अनेक योजनाएं बनाई और उन सभी योजनाओं को समग्रता से देखें तो पूरे देश में लगभग सभी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में ई-गवर्नेंस लगभग लाने का काम हुआ हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ही स्मार्ट सिटी मिशन आगे बढ़ा। गृह मंत्री ने कहा कि अगले 5 साल में देश के करीब सभी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल मिशन नेटवर्क तैयार होगा। उन्होंने कहा कि साथ ही शहरों में मेट्रो का जाल बिछाकर बिना ट्रैफिक के शहर की कल्पना की गई है।

इलेक्ट्रिक बस प्रदूषण मुक्त शहर समग्र भारत में बने उस दिशा में कार्य किया गया। इसी दिशा में ग्रीन एनर्जी के द्वारा गाड़ियों को धुआ मुक्त बनाने का कार्य किया गया और सोलर पैनलों की मदद से ग्रीन एनर्जी युक्त शहर बनाए गए।

गृह मंत्री ने कहा कि झुग्गी झोपड़ियां की जगह गरीबों को उनके मालिकाना हक के फ्लैट देने की शुरूआत हुई। इसके अलावा सभी घरों में शौचालय बनाए गए साथ ही सोलर रूफ टॉप की योजना लाई गई और छएऊ लाइट्स लगाने का कार्य हुआ। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री पीएम विश्वकर्मा योजना तथा डिजिटल व्यवहार में भी बढ़ोतरी कर कई लोगो को ताकत प्रदान की गई।

### प्रधानमंत्री की नीतियों के आधार पर न केवल गांधीनगर और गुजरात बल्कि समग्र देश का विकास हुआ है

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट के लिए जितनी भी नीतियां बनी उन हमने उन सभी को गांधीनगर शहर तथा अहमदाबाद शहर में अमल करने का प्रयास किया। गांधीनगर और अहमदाबाद की विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता मिली और उनके परिणाम स्वरूप मोदी सरकार ने गांधीनगर में 2036 में ओलंपिक खेल आयोजित करने का संकल्प लिया है। शाह ने कहा कि पिछले 15 साल में गांधीनगर शिक्षा का केन्द्र बिन्दु बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर को स्मार्ट सिटी बनाने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों के आधार पर न केवल गांधीनगर और गुजरात बल्कि समग्र देश का विकास हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि अर्बन क्षेत्र में हुई यह प्रगति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनाई गई नीतियों के कारण है। गृह मंत्री ने कहा कि हम इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र समग्र देश में प्रथम स्थान पर रहे।

## एलजी और भाजपा को बस मार्शल्स की समस्याएं हल करने में दिलचस्पी नहीं है : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली। दिल्ली** सरकार और एलजी के बीच बस मार्शल्स को लेकर एक बार फिर तनातनी देखने को मिल रही है। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार की शाम को एलजी हाउस के बाहर बस मार्शल्स के साथ प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्हें हिरासत में लिया गया था।

इसके अगले दिन शुक्रवार को दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जानबूझकर इस समस्या का समाधान एलजी द्वारा नहीं किया जा रहा है। दिल्ली विधानसभा में एक



संकल्प पास हुआ था कि 3 अक्टूबर को सरकार के मंत्री, 'आप' और बीजेपी के सभी विधायक एलजी से मिलने जाएंगे। इस संकल्प में कहा गया था कि इस दौरान बस मार्शल्स की बहाली के लिए एलजी जिस कागज पर साइन आदि करने को कहेंगे, वहां साइन किए जाएंगे।

सौरभ भारद्वाज का कहना है कि गुरुवार को 'आप' सरकार के मंत्री और विधायक अपने वादे पर खरे उतरे और एलजी से मिलने पहुंचे। लेकिन, बीजेपी के सभी विधायकों ने यूटर्न ले लिया और कोई भी एलजी साहब से मिलने नहीं पहुंचा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लगाए गए तमाम कर्मियों की तनख़्वाह बीजेपी के एलजी द्वारा रोक दी गई, उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। बीजेपी के एलजी विनय सक्सेना हजारों की संख्या में संविदा कर्मियों को बेरोजगार करने में जुटे हुए हैं।

### अमेठी हत्याकांड का आरोपी चंदन गिरफ्तार, घर में घुसकर 4 लोगों को उतारा था मौत के घाट

**अमेठी- उत्तर** प्रदेश के अमेठी में हुए हत्याकांड का आरोपी चंदन गिरफ्तार हो गया है. यूपी एसटीएफ ने अमेठी हत्याकांड के आरोपी चंदन को गिरफ्तार किया है. अमेठी में घर में घुसकर एक ही परिवार के चार लोगों को मौत के घाट उतारा था. अमेठी में हुई इस वारदात की सूचना मिलते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ इस घटना पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई. बल्कि बड़े अफसरों को भी तत्काल मौके पर पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया।

## भूपेंद्र हुड्डा पर कुमारी सैलजा का बड़ा बयान

### 'जो लोग 10 साल तक मुख्यमंत्री रहते हैं...'



**हरियाणा**
**हरियाणा** में विधानसभा चुनाव को लेकर वोटिंग से पहले कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लेकर प्रतिक्रिया दी है. उनसे जब पूछा गया कि प्रदेश में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को पीछे छोड़कर भूपेंद्र सिंह हुड्डा एकमात्र ताकतवर नेता बने हुए हैं. इस सवाल पर कुमारी सैलजा ने कहा कि जो लोग 10 साल तक मुख्यमंत्री रहते हैं, मीडिया को उनसे बड़ा कोई दिखता नहीं है.

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा, "मीडिया वाले इस चीज को अच्छी तरीके से समझते हैं. जो 10 साल मुख्यमंत्री रह जाए. उनको उससे बड़ा कोई और दिखता नहीं है. ये आप मानिए या ना मानिए. सबसे पहले आप उन्हीं के बीच जाएंगे, उन्हीं का नाम लेंगे. जबतक 2005 तक भजनलाल जी सीएम थे तो सिर्फ भजनलाल ही दिखते थे. उनके अलावा कोई और दिखता नहीं था. क्योंकि वो मुख्यमंत्री रह चुके हैं. अब समय बदल गया है."

सीएम चेहरे के सवाल पर क्या बोलीं कुमारी सैलजा?

उनसे सवाल करते हुए पूछा गया कि आपने 1988 में पहला चुनाव लड़ा. जिन्होंने उस वक्त आईएएस की परीक्षा दी होगी, वो सेक्रेटरी बनकर रिटायर हो चुके हैं. जिन्होंने जर्नलिज्म ज्वाइन किया, वो संपादक बन चुके हैं लेकिन आप चीफ मिनिस्टर नहीं बनीं? इस पर कुमारी सैलजा ने कहा, "ये जरुरी नहीं है कि जो भी पॉलिटिक्स ज्वाइन करे वो यहां तक पहुंच सके. इस लेवल तक कितने लोग पहुंच पाते हैं।

### 9 साल बाद कोई इंडियन नेता जाएगा पाकिस्तान

## एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने इस्लामाबाद जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली**
**फरवरी** 2019 में पुलवामा हमले के बाद बालाकोट हमले और अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच संबंध निचले स्तर पर हैं। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों (एचओजी) की बैठक का 23वां सत्र 15-16 अक्टूबर, 2024 को इस्लामाबाद, पाकिस्तान में आयोजित किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी को उनके पाकिस्तानी समकक्ष और बैठक के मेजबान ने इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।



विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर 15-16 अक्टूबर को इस्लामाबाद द्वारा आयोजित आगामी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक के लिए पाकिस्तान का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि जयशंकर एससीओ बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी शामिल होने की उम्मीद है। फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद बालाकोट हमले और अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच संबंध निचले स्तर पर हैं। भारत की सैद्धांतिक स्थिति बहुत स्पष्ट रही है। पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ आतंक बंद किए बिना दोनों पक्षों के बीच किसी भी बातचीत पर विचार नहीं किया जा सकता।

## विनेश फोगाट के चाचा महावीर फोगाट का बड़ा दावा, 'कांग्रेस की जो हवा बनी थी वो...'

**हरियाणा**
**हरियाणा** विधानसभा चुनाव में वोटिंग से पहले कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट के चाचा महावीर फोगाट ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टियां विधानसभा चुनाव में एक दूसरे के बराबर खड़ी हैं.

महावीर फोगाट ने कहा, "मैं चुनाव में बहुत कम रहता हूं, जाता नहीं हूं. लोग आते हैं और चर्चा करते हैं. लोकसभा चुनाव के बाद शुरूआत में कांग्रेस का जो माहौल बना था कि हुड्डा की सरकार आ रही है, बीजेपी जा रही है, वो अब हवा वोटिंग से पहले सिमट के रह गई है."

पूर्व पहलवान और जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट के ताऊ महावीर फोगाट ने बताया,

"जब लोकसभा चुनाव हुए थे तब एक माहौल बना था कि कांग्रेस आ रही है और भाजपा जा रही है लेकिन अभी हवा सिमट गई है। मेरा आकलन है।

## उत्तर प्रदेश में सपा को क्यों आंख दिखा रही कांग्रेस?

**मिर्जापुर**
आगामी उत्तर प्रदेश उपचुनावों के लिए सीट साझा करने की व्यवस्था स्थापित करने में इंडिया-ब्लॉक को बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार समाजवादी पार्टी (सपा) कांग्रेस पार्टी के लिए दो से अधिक सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। वहीं, कांग्रेस का मानना है कि उसे 10 सीटों में से पांच पर चुनाव लड़ने का मौक मिलना चाहिए। यही कराण है कि सबसे पुरानी पार्टी ने 10 सीटों के लिए प्रभारी और पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक तैयार करने के लिए इन प्रभारियों ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सम्मेलन करना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की नजर मिर्जापुर की मझवा सीट, प्रयागराज की फूलपुर, गाजियाबाद, खैर और मीरापुर पर है। उपचुनाव वाली 10 सीटों में से 5 पर पहले बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और 5 पर एसपी का कब्जा था। कांग्रेस का तर्क है कि एनडीए के कब्जे वाली सीटों में एसपी कमजोर है और वह चाहती है कि सीटें उन्हें आवंटित की जाएं, जिससे एसपी को अपनी पिछली जीत पर ध्यान केंद्रित करना पड़े। राजनीतिक विश्लेषक इसे कांग्रेस का रणनीतिक कदम मान रहे हैं। 5 सीटें हासिल करने में सफलता 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए एक मिसाल कायम कर सकती है, जहां कांग्रेस 403 में से 200 सीटों का लक्ष्य रख सकती है।

## शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन की कुंजी

### राष्ट्रपति ने 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता' विषय पर वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लिया

**राजस्थान**
**राष्ट्रपति** श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राजस्थान के माउंट आबू में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता का मतलब धार्मिक होना या सांसारिक गतिविधियों को त्यागना नहीं है। आध्यात्मिकता का मतलब अपने भीतर की शक्ति को पहचानना और अपने आचरण व विचारों में पवित्रता लाना है। विचारों और कार्यों में पवित्रता जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और शांति लाने का मार्ग है। यह एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज के निर्माण के लिए भी आवश्यक है।

राष्ट्रपति ने कहा कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन की कुंजी है। हमें केवल बाहरी स्वच्छता पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी स्वच्छ होना चाहिए। समग्र स्वास्थ्य स्वच्छता की मानसिकता पर आधारित है। भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य सही सोच पर निर्भर करता है क्योंकि विचार ही शब्दों और व्यवहार का रूप लेते हैं। दूसरों के प्रति कोई राय बनाने से पहले, हमें अपने अन्तर्मन में झांकना चाहिए। जब हम किसी दूसरे की परिस्थिति में अपने आप को रखकर देखेंगे, तब सही राय बना पाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता केवल



व्यक्तिगत विकास का साधन ही नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी एक तरीका है। जब हम अपनी आंतरिक शुद्धता को पहचान पाएंगे, तभी हम एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना में योगदान दे पाएंगे। आध्यात्मिकता, समाज और धरती से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे कि सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक न्याय को भी शक्ति प्रदान करती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भौतिकता हमें क्षण भर की शारीरिक और मानसिक संतुष्टि देती है, जिसे हम असली खुशी समझकर उसके मोह में पड़ जाते हैं। यह मोह हमारी असंतुष्टि और दुख का कारण बन जाता है। दूसरी ओर, आध्यात्मिकता हमें खुद को जानने, अपने अन्तर्मन को पहचानने की सुविधा देती है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया में, शांति व एकता की महत्ता और अधिक बढ़ गई है। जब हम शांत होते हैं, तभी हम दूसरों के प्रति सहानुभूति और प्रेम महसूस कर सकते हैं।

# मेजा ऊर्जा निगम वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद पहला लाभांश प्रदान किया

## उत्तर प्रदेश में शीर्ष बिजली उत्पादक बनना है निगम का लक्ष : कमलेश सोनी

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड जो महारत्न पावर यूटिलिटी एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य स्वामित्व वाली उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित एक इक्विटी सहभागिता संयुक्त उपक्रम कंपनी है,ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पहली बार प्रति 10 रुपया के साधारण शेयर पर ?28 का अंतिम लाभांश दिया है,जो कुल 102.27 करोड़ रुपये है। कंपनी की 16वीं वार्षिक आम सभा में घोषित यह लाभांश दोनों शेयरधारकों को हस्तांतरित कर दिया गया है।श्री के. शनमुघा सुंदरम अध्यक्ष टवठढछ और कमलेश सोनी सीईओ मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी के पहले लाभांश के रूप में 46.02 करोड़ रुपये (टीडीएस कटौती के बाद) का औपचारिक चेक 4 अक्तूबर 2024 को गुरदीप सिंह अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड को सौंपा। इस अवसर पर रवींद्र कुमार, निदेशक (प्रचालन) एनटीपीसी लिमिटेड, अनिल कुमार जाडली, निदेशक (मा.सं ) एनटीपीसी लिमिटेड,आदित्य ईडी (वित्त) एनटीपीसी,रितु अरोड़ा कंपनी सचिव एनटीपीसी, अमित रौतेला मुख्य वित्त अधिकारी, मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड और प्रियंका कंपनी सचिव मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड आदि उपस्थित थे। यह उल्लेखनीय उपलब्धि मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड प्रदर्शन को दशार्ती है। इस वर्ष कंपनी ने 4,283 करोड़ का राजस्व और 348 करोड़ का शुद्ध लाभ हासिल किया है।कमलेश सोनी सीईओ टवठढछ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 8276 मिलियन यूनिट का सबसे अधिक वाणिज्यिक उत्पादन किया है और 6607 2 मेगावाट टळढढ के चरण-क के सफल स्थिरीकरण के बाद कंपनी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में शीर्ष बिजली उत्पादक कंपनी बनना है, जिसमें 5600 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता जोड़ने की योजना है। विद्युत उत्पादन के अतिरिक्त मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड सामुदायिक विकास और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध है। कंपनी विशेष रूप से बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कौशल निर्माण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है। कंपनी द्वारा दिया गया पहला लाभांश न केवल अपने शेयरधारकों की पूंजी में वृद्धि करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि सतत विकास और समुदाय के उत्थान के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

## प्रदेश संगठन महामंत्री ने उपचुनाव को लेकर भाजपा कार्यकताओं के साथ की समीक्षा बैठक



**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उपचुनाव को लेकर विधानसभा फूलपुर 256 की तैयारी एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ फूलपुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, प्रवासी एवं 88 शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ चर्चा कर उपचुनाव की तैयारी की समीक्षा किया। जिसमें उन्होंने बूथ, सेक्टर एवं मंडलों में संगठन की स्थिति तथा उनके द्वारा किए गए कार्य और सदस्यता अभियान की जानकारी लेते हर स्तर पर मतदाताओं को जोड़ने और पन्ना प्रमुख, बूथ एजेंट को किस प्रकार से संगठन के कार्य पर लगाना आदि विषयों पर चर्चा एवं सुझाव देते हुए कार्यकताओं का मार्गदर्शन भी किया। प्रदेश संगठन महामंत्री ने सदस्यता अभियान में हर बूथ पर कितनी सदस्यता हुई है इसकी भी समीक्षा किया और निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर में कम से कम दो सदस्य बनाएं। इस अवसर पर फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सम्मानित कार्यकताओं के बल पर उपचुनाव में पुनः विधानसभा फूलपुर जीत कर योगी जी के हाथों को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गंगापार कविता पटेल एवं संचालन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि का प्रभु श्री राम का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप महापौर गणेश केशरवानी, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, विधायक गुरू प्रसाद मौर्य, जिला प्रभारी उत्तम मौर्य, लक्ष्मीकांत उपाध्याय, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, गिरजा शंकर पांडे, विधानसभा प्रभारी रमेश दुबे, दिलीप निषाद, आत्माधार दुबे, आलोक कुमार गुप्ता, अनिल सरोज, राकेश सिंह, पवन कुमार शुक्ला, पुष्कर पटेल, भूपेंद्र मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोरांव में गोशालाएं होने के बावजूद गोवंशो की दुर्गति

**कोरांव।** सरकार भले ही गो रक्षा के लिए तमाम व्यवस्थाएं की है किन्तु देश के किसी भी हिस्से में प्रतिदिन गो वंशों की मौत हो रही है चाहे दुर्घटना से चाहे भूंख प्यास से या फिर व्यवस्था में कमियों से परंतु गो वंश और इंसान सभी आए दिन मौत और गंभीर दुर्घटना के शिकार हो रहे है खेती बारी की क्षति से किसान बहुत दुखी है। इस समय कोरांव तहसील में कुल बेलहट, बेलवानिया, बढ़वारी कला, छड़ीगड़ा,महुली,देवघघाट, बड़ोखर,देवरी, बहरैचा, जोरवट,खीरी, टऊंगा कला,पवारी,किहुनी खुर्द, सिकरो,सहित डेढ़ दर्जन से अधिक गो शालाएं सरकार की मंशानुसार सचालित हैं। किंतु निरंतर बढ़ रही उनकी संख्या से गोशालायें प्रबंधन टीम असफल नजर आती हैं। इस समय मनुष्य तो अपनी व्यवस्था सुचारू रुप से नहीं सुनिश्चित कर पा रहे मवेशियों की व्यवस्था तो अपनी जगह है। रात दिन बारी बारी से किसान टॉर्च लाठी डंडा ले कर जागरण कर रहे हैं जैसे पहले एक समय था चोरों डकैतों की डर से लोग पहरेदारी किया करते थे। ठीक उसी तरह से गो वंशों के उत्पात से किसान खेती बारी फसल की सुरक्षा हेतु पहरेदारी करते देखे जा रहे हैं और आजिज भी हो चुके हैं। इस संदर्भ में-



सोशल वर्कर प्रमोद मिश्र उर्फ पयासी के अनुसार उक्त गो शालाओं से व्यवस्था के नाम पर ब्लॉक के अधिकारी और टीम द्वारा उनकी चारा पानी उपचार आदि इंतजाम के नाम पर कई लाख का घोटाला किया जा रहा है। और कमीशन खोरी जारी है। किंतु उनकी मृत्यु दरों में कमी नहीं आ रही है।

**आंदोलन की तैयारी की जा रही :** जन सहयोग से जल्द ही पूरे विधान सभा कोरांव में सभी गो शालाओं में अव्यवस्था और भ्रष्ट्राचार के खिलाफ जांच कमेटी गठित किए जाने तथा उसमें संलिप्त ब्लॉक के अधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच कार्यवाही की मांग की जायेगी।

**प्रमोद मिश्र उर्फ पयासी**
**सामाजिक कार्यकर्ता कोरांव प्रयागराज।**

# नियमित कर्मचारी का दर्जा देने सहित अन्य मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने दिया धरना

## विकास भवन में नारेबाजी कर सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप, मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लागू न करने पर आंदोलित हुए रोजगार सेवक



**प्रयागराज।** मनरेगा में 18 वर्षो से संविदा पर कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को जनपद मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन कर अपनी मांगों से संबंधित 10 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। धरने का नेतृत्व कर रहे उत्तर प्रदेश संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सूरत पाण्डेय ने कहा की रोजगार सेवकों को लेकर सरकार में नियत की कमी है। 18 वर्ष से सचिवों के बराबर काम करने वाला रोजगार सेवक सरकार की उपेक्षा का शिकार हैं। प्रदेश में एक सचिव के ऊपर 4 से 6 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी रहती है। ऐसे में रोजगार सेवकों के नियमितिकरण से जहां गांवों का समुचित विकास होगा वहीं वर्षो से लम्बित उनकी मांगे भी पूरी हो सकेंगी। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले जुटे रोजगार सेवकों को सम्बोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने बताया की प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जनपद में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जा रहा है। अगर सरकार हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करती है तो संगठन लखनऊ में जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगा। वहीं मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को अविलंब लागू करने की मांग करते हुए कहा की प्रदेश के हालात ऐसे हैं की मुख्यमंत्री की घोषणाओं का भी अधिकारी आदेश नहीं निर्गत करते हैं ऐसे में शोषित व पीड़ित ब्यक्ति किससे अपनी पीड़ा कहे। उन्होंने रोजगार सेवकों की समस्याओं को अनदेखा करने पर वृहद आंदोलन करने की बात कही। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्लाक अध्यक्ष फूलपुर नूरूद्दीन हाशमी ने किया। इससे पहले रोजगार सेवकों ने हाथ में संगठन का बैनर व तिरंगा लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाल कर अपने प्रति अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर अशोक कुमार सिंह, सुनील तिवारी, हरिओम प्रकाश,सुमन सरोज, मानसिंह, फूलसागर यादव,अनिल पांडेय,संतकुमार,संगम लाल यादव, नूरूद्दीन हाशमी, सुरेश चन्द्र, विष्णु स्वर्णकार,पंकज पटेल, राजीव यादव, विरेन्द्र गौतम, दिलीप विश्वकर्मा, संतलाल गुप्ता ,सुनीता,मनोज कुमार, रामलाल रत्नाकर, रोहित कुमार सिंह,विनम कुमार ,अरविंद बरखंडी, अखिलेश पटेल,अजय कुमार, आरती यादव सहित सैकड़ों की संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## रेलवे विभाग का जेई फाल्ट दूर करने के दौरान ट्रेन की जद में आने से मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के पास से दिल्ली हावड़ा रेल लाइन का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है वर्षो से दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग को फोर लेन किया जा रहा है साथ ही फोर लेन के बाद पांच लेन का रेल लाइन का चौड़ीकरण के बाद पटरी बिछ चुकी है और विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है शुक्रवार को पचदेवरा रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे डीएफसीसी रेलवे लाइन पर बिजली के मरम्मत का कार्य चल रहा है जिसमें रेलवे में अवर अभियंता के पद तैनात 24 वर्षीय युवक दिलीप कुमार मौर्य पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी दरौली जमनिया गाजीपुर इलेक्ट्रिक संबंधित बिजली का कार्य कर रहा था कि उसी दरम्यान ट्रेन आ गई और ट्रेन की टक्कर लगने से मौत हो गई। वह रेलवे में जेई के पद पर तैनात था। इलेक्ट्रॉनिक संबंधित शिकायत मिलने पर मरम्मत करने गए हुए थे। उसी दौरान हादसे का शिकार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गइ है।

# पंचायतों में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से दर्जनों परियोजनाएं अधर में लटकी

**अखंड भारत संदेश**



समीक्षा बैठक में विधायक व एसडीएम की संयुक्त बैठक में तत्काल अतिक्रमण हटवाने का राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया

**करछना।** शुक्रवार को तहसील सभागार में राजस्व कर्मियों एवं विकास विभाग के संबंधित अधिकारियों की एक बैठक तहसील सभागार में विधायक करछना पियूष रंजन के नेतृत्व में संयुक्त बैठक कर समीक्षा की गई जिसमें विकास से संबंधित परियोजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए ग्राम पंचायतों में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से भूमि संबंधी आ रही अटकलें को दूर करने के लिए राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया बैठक में विकास खंड करछना के 15 ग्राम पंचायतों में कूड़ा संग्रह केंद्र की जमीनों पर अतिक्रमण को लेकर परियोजना धरातल पर नहीं उतर पा रही है जिसके लिए विकास विभाग विकास खंड करछना की ओर से तहसील राजस्व विभाग को कई बार निर्देशित किया गया लेकिन आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका इसी तरीके से जल जीवन मिशन के लिए 20 ग्राम पंचायत में पानी की टंकी व नलकूप लगाए जाने के लिए जमीनों पर आक्रमण है सरकारी जमीनों को खाली करने के लिए राजस्व विभाग की फिसड्डी रहा जिसको लेकर शुक्रवार को विधायक करछना पियूष रंजन ,एसडीएम करछना तपन कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेदी प्रसाद पांडे, सुरेश पांडे, एडीओ पंचायत राम शिरोमणि त्रिपाठी खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडे, प्रमोद तिवारी, सत्य प्रकाश निषाद ,अमरनाथ कमल तिवारी, सतीश तिवारी, नरेश सोनकर ,एवं बड़ी संख्या में ग्राम प्रधानों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिसे विधायक ने सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए राजस्व विभाग को निर्देशित कर तत्काल पंचायतों में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर समीक्षा बैठक के दौरान चिन्हित किया गया जिसमें राजस्व टीम गांव जाकर सभी आक्रमण को हटाए जाने के लिए एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया।

# महेवा कला रामलीला मंचन में नारद मोह की मनोहारी प्रस्तुति

**अखण्ड भारत सन्देश**



**मांडा।** यमुनापार मांडा क्षेत्र के महेवा कला गांव में 109वीं रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बृहस्पतिवार रात मुकुट पूजन और नारद मोह की रामलीला का मंचन किया गया। यह धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र में अपनी ऐतिहासिक महत्ता के लिए जाना जाता है। रामलीला के प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि यह रामलीला 109 वर्ष पूर्व शुरू हुई थी, जब विद्युत के अभाव में रोगन और कपड़े का मसाला बनाकर मंचन किया गया था। मोठे कागज का प्रयोग कर हांथ से मुकुट आदि बनाए गए थे। आज भी यह धार्मिक परम्परा जारी है, जिसमें गांव के पढ़े-लिखे और बड़े पद पर आसीन लोग प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन करते हैं। इस आयोजन में हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होते हैं, जो इसकी सांस्कृतिक महत्ता को दशार्ता है। नारद मोह की रामलीला में इंद्र ने अपने गुप्तचर से नारद की तपस्या की जानकारी ली और कामदेव को भेजकर नारद की तपस्या भंग करने का प्रयास किया। कामदेव ने अपने पुष्प बाण से नारद को मोहित किया, जिससे नारद की तपस्या भंग हो गई। कामदेव पर विजय प्राप्त होने से नारद को अभिमान हुआ। श्रीहरि ने देवर्षी का अभिमान नाश करने के लिए माया से एक सुंदर नगर शीलनिधि का निर्माण किया। माया के बसीभूत हुए देवर्षि नारद शीलनिधि नगर पहुंचे और राजा शीलनिधि की कन्या विश्वमोहनी की हस्तरेखा देखकर काम के वसीभूत हो गए। नारद ने अपने हित के लिए श्रीहरि से याचना की। श्रीहरि ने अपना रूप प्रदान किया और बंदर का स्वरूप धारण कर देवर्षि विश्वमोहनी के स्वंयम्बर में पहुंचे। श्रीहरि स्वंयम्बर में पहुंच विश्वमोहनी का वरण किया। श्रीहरि पर क्रोधातुर हुए नारद ने पत्नी वियोग का श्राप दे दिया। श्रीहरि ने माया का प्रकोप हटाया, जिसके बाद देवर्षि नारद को पश्चताप हुआ और क्षमा याचना मांगी। नारद का मोह भंग होने पर पूरा रामलीला मैदान श्री हरि के जयकारे से गूंज उठा। अविनाश शर्मा ने श्रीहरि का अभिनय किया, जबकि संदीप मिश्र ने नारद की भूमिका निभाई। इसके अलावा, गुलाब चंद्र पांडेय ने कामदेव, देवी प्रसाद वैश्य ने इंद्र देव, आशीष श्रीवास्तव ने ब्रह्मा, अंकित शर्मा ने विश्वमोहनी और मनोज वर्मा ने दूत की भूमिका निभाई। रामलीला में शामिल होने वाले लोगों ने कलाकारों की सराहना की और कहा कि यह रामलीला क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने का काम कर रही है।

# पूर्व विधायक नीलम करवरिया की मौत पर दुख व्यक्त करने उनके आवास पहुंचे कांग्रेसी



**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की पत्नी पूर्व विधायक स्वर्गीय नीलम करवरिया के निधन की सूचना प्राप्त होने पर कल्याणि देवी स्थित उनके आवास जाकर पूर्व विधायक उदय भान कांवरिया से मिलकर शोक व्यक्त किया ! पूर्व विधायक स्वर्गीय नीलम करवरिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए ईश्वर से कामना किया कि मृतक शरीर को अपने चरणों में स्थान दें शोक कुल परिवार से मिलने गए कौशांबी जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय पूर्व विधायक विजय प्रकाश पूर्व प्रत्याशी तलत अजीम एनएसयूआई अध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ,हरकेश तिवारी मुकुंद तिवारी फूजैल हाशमी किशोर वाष्णेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## मांडव्य ऋषि आश्रम पर यथार्थ गीता पाठ एंव त्रिशूल पूजा स्थापना का आयोजन आज

**माण्डा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा खास श्री माण्डव ऋषि आश्रम मूर्तिहा दह में शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर शनिवार को यथार्थ गीता पाठ का शुभारंभ होगा और छह अक्टूबर रविवार को त्रिशूल स्थापना पूजा एवं भण्डारा का आयोजन किया गया हैं कार्यक्रम हेतु माण्डा खास श्री मांडव्य ऋषि आश्रम के मुखिया विजय बाबा ने सक्तेषगढ़ आश्रम जाकर स्वामी श्री अड़गड़ानंद महराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हैं ' वही परमहंस आश्रम सक्तेषगढ़ मिजार्पुर के भक्त सुबेदार यादव ने भक्तों को जानकारी देते हुए बताया कि सक्तेषगढ़ आश्रम के महात्माओं का भी आगमन होगा जिससे भक्तों को सत्संग सुनने का लाभ मिलेगा उक्त कार्यक्रम को लेकर आश्रम में तेजी से तैयारी चल रहा है ' मूर्तिहा दह में पहली बार भव्य भण्डारा के आयोजन से क्षेत्र में खुशी एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है ' कार्यक्रम के सहयोगी संतोष तिवारी , कन्हैया लाल मिश्रा ,शीतला प्रसाद ,राहुल सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह उर्फ पथरू , मनोज , हीरा लाल, कमल नारायण पाण्डेय इत्यादि तैयारी को लेकर डटे रहे ।

## माता का ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल



**सहसों।** अश्विन मास के दूसरे पक्ष में शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन माता रानी का ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन, पूजन एवं आरती कर भक्त नर नारी माता जगदम्बा का आशीर्वाद प्राप्त करते निहाल हो उठे। माता रानी के भक्तों द्वारा सहसों बाजार स्थित राम जानकी मंदिर सहित दुर्गा पूजा पंडाल चंदरपुर उर्फ बसमहुआ, प्राचीन दुर्गा मंदिर ललचहां, माता चौरा सिंगरामऊ, दुर्गा मंदिर एवं शीतला माई मंदिर रामनाथ पट्टी, प्राचीन मसुरियन माई मंदिर चकिया घरहरा एवं पूजा पंडाल इनायतपुर सहित आदि मंदिरों एवं पूजा पंडालों में स्थापित मां जगदंबा का ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन कर भक्त जयकारा लगाते निहाल हो गए। इस अवसर पर मंदिरों एवं पूजा पंडालों में आचार्य विद्वानों द्वारा भक्त मुन्ना दुबे, आनंद कुमार शुक्ला, सुरेश कुमार भारतीया, अरुण कुमार दुबे, मनोज कुमार सिंह, लाला गुप्ता आदि भक्तों ने माता रानी का पुष्पांजलि, धूप, दीप, नैवेद्य एवं महा आरती कर माता रानी से कल्याण, सुख, समृद्धि एवं कष्ट बाधा निवारण हेतु प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्र के पूजा पंडालों में माता रानी का आरती के उपरांत सुंदर कलाकारों एवं साज सज्जा के साथ आधुनिक वाद्य यंत्रों के द्वारा मनमोहक झांकियां एवं सुंदर भजनो पर बच्चे युवा एवं वृद्ध नर नारी नाचते गाते आनंदित होते जगराता कर माता रानी का आशीर्वाद लिया।

## शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी के स्वरूप का हुआ पूजन अर्चन



**जसरा।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप का विद्वान आचार्य द्वारा पूजन अर्चन कराया गया। जसरा में मां का रूप देखकर लोग भाव विभोर हो गए। जसरा के शिवपुरी कालोनी में आचार्य पंडित हिमांशु मिश्रा ने षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन कराया। इसी तरह जसरा बाजार,नई बाजार,पांडर, पचखरा, तातारगंज, खटंगिया, बुदांवा,गड़रा, रेरा, जसरा गांव , सेन्धुवार, मरुआ सहित दर्जनों गांवों में मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। सायं काल की आरती के बाद महिलाएं ढोल, मजीरा एवं झांझ लेकर भजन कीर्तन कर माता रानी को प्रसन्न किया। इस अवसर पर स्वामी जय शंकर मिश्र महाराज जी, आलोक पाठक,अभय मिश्र,विनीत द्विवेदी, रवी शर्मा,अनुराग मालवीय,अम्बुज मिश्रा,दीपू पाठक, डबलू सिंह, संतोष सिंह,शनी शुक्ला,रवी शुक्ला,प्रबल,अंशुमान मिश्रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## दिवंगत अधिवक्ता के घर पहुंचे, सांसद उज्जवल रमण सिंह



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा अन्तर्गत बहेलियापुर गाव निवासी अधिवक्ता पियूष पटेल की बीते एक सप्ताह पूर्व इलाहबाद स्थित कीड़गंज आवास पर हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। जानकारी पर गुरुवार दोपहर प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमण सिंह दिवंगत अधिवक्ता के घर पहुंचें। उन्होंने अधिवक्ता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोक संवेदना व्यक्त किया। उक्त सांसद ने परिजनों का हौसला बढ़ाते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। इस मौके पर मृतक अधिवक्ता के पिता कौशलेश पटेल, भाई मनीष पटेल, रजनीकांत पटेल, पूर्व नपं. अध्यक्ष एवं सपा नेता श्याम कृष्ण यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पागल नीलगाय ने किसान को किया घायल गम्भीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जेवनिया चौकी अंतर्गत हुल्का के रहने वाले रामदुलारे का पुत्र 52 वर्षीय मिठाई लाल भारतीया खेतों में चारा लेने गए शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे तभी अचानक पीछे से एक नीलगाय ने हमला बोल दिया। उससे बचने के लिए उसने भरसक प्रयास किया। लेकिन नीलगाय उसे मारता रहा। घटना की सूचना मिलने पर आसपास काम करने वाले पचासों लोगों ने एकत्र होकर भगाने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हुए। इसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचकर भगाने के लिए हर संभव प्रयास किया जिससे घर के एक सदस्य भी घायल हो गया। किसी तरह नीलगाय को मारकर भगाया गया ग्रामीण का कहना है कि नीलगाय पागल हो गया है आए दिन ऐसी घटना करता रहता है। परिजन गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने शहर के लिए रेफर कर दिया। घायल घर पर ही रहकर खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से पूरे गांव वासियों में दहशत एवं चिंताजनक बना हुआ है।

## मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा पशुओं से लोग आजिज

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा के लोग आवारा पशुओं से काफी परेशान हैं।घरों के सामने, चबूतरों सड़कों पर गोबर कर देने से गंदगी में वृद्धि कर देते हैं। नगर पंचायत मऊआइमा में इन दोनों छुटटा मवेशियों से नगरवासियों का जीना हराम हो गया है। बताया जाता है कि दिन भर इधर-उधर घूमने के बाद रात होते ही आवारा पशुओं का सड़कों , गलियों में अडडा बन जाता है। लोगों के चबूतरों और सड़कों घरों के सामने गोबर कर देने से गंदगी में वृद्धि हो जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आवारा पशुओं को आस पास गांव के लोग खदेड़ देते हैं। जिससे इनका झुंड कस्बे में प्रवेश कर जाता है ?जिससे मोहल्ला महतवाना,पूरा काजी,चुनौटा कुआं,नाटी इमली, सदर बाजार,अबूहलीम पट्टी आदि स्थानों पर रातभर सड़कों पर बैठ कर गंदगी करते ही हैं यही नहीं दिनों भगाने पर यह लोगों के ऊपर हमलावर हो जाते हैं।आपस में लडने से लोगों का राह चलना मुश्किल हो जाता है। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा बताया गया है कि उनके यहां गौशाला नहीं है। सवाल उठता है कि यदि गौशाला नहीं है तो इन आवारा पशुओं की जिम्मेदारी किसकी है।

# दुर्गा पूजा देखने निकली बालिका की हत्या, खेत में मिला रक्त रंजित शव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोरांव के उसरही गांव में दुगार्पूजा देखने गई आठ साल की बालिका की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह एक दिन पहले से ही लापता थी और सुबह उसका शव मिला। कपड़े अस्त-व्यस्त थे, ऐसे में दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस अफसरों ने पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही है।मूल रूप से उल्दा, महेशगंज, प्रतापगढ़ के रहने वाले अजय कुमार व उसके परिजन सिल-बट्टा बनाने का काम करते हैं। वह अपनी पत्नी मीना व पांच बच्चों के साथ उसरही में रहता है और साथ में ही उसके ससुरालीजन भी रहते हैं। मृतका भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। अजय पिछले कई दिनों से बीमार है और उसे रोजाना इंजेक्शन लगता है। रोज की तरह बृहस्पतिवार शाम भी उसकी दूसरे नंबर की बेटी ने मेडिकल स्टोर से लाकर उसे इंजेक्शन लगवाया। आधी दवा बची थी, ऐसे में वह शिवगढ़ चौराहे स्थित मेडिकल स्टोर पर पहुंची और उसे फ्रिज में रखवाकर चली गई। मां ने बताया कि जाते वक्त उसने 10 रुपये मांगे थे और कहा था कि वह दुगार्पूजा देखते हुए वापस आएगी। हालांकि फिर उसका कुछ पता नहीं चला। देर हुई तो घरवालों ने खोजबीन शुरू की। रातभर तलाश चलती रही लेकिन उसकी कोई खबर नहीं मिली। सुबह आठ बजे के करीब घर से 200 मीटर दूर स्थित मुन्ना के खेत में उसका खून से लथपथ शव पड़ा मिला। जानकारी पर परिजनों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए। कुछ देर बाद सोरांव थाने की पुलिस और फिर अफसर भी आ गए। जांच पड़ताल व परिजनों से पूछताछ के बाद शव को मर्चरी भेजवा दिया गया।



## पांच मीटर दूर मिले कपड़े, पास ही पड़ा था डंडा

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शव की जो हालत थी, उससे इस बात की भी आशंका है कि बच्ची से दुष्कर्म हुआ। उसके टीशर्ट तो पहन रखी थी लेकिन उसकी लैगिंग करीब पांच मीटर दूरी पड़ी मिली। कुछ दूर पर ही एक डंडा पड़ा हुआ था और आशंका है कि इसी डंडे से वारकर उसे मौत के घाट उतारा गया। उधर पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने किसी से कोई विवाद होने की बात से इंकार किया।

सुबह 10:30 बजे धान के खेत में बच्ची का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम 6:30 बजे वह मेडिकल स्टोर पर गई थी। बच्ची के सिर व हाथ में डंडे से चोट पहुंचाने के निशान हैं। मौत कैसे हुई, यह पोस्टमार्टम में ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं।

-कुलदीप सिंह गुनावत, डीसीपी गंगानगर

# शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पैदल गस्त व नवरात्रि के पर्व के दृष्टिगत पंडालों का किया निरिक्षण



**थरवई प्रयागराज।** नवरात्रि के पावन पर्व पर जगह जगह नौ रूपी माता जगदम्बा की पूजा अर्चना बड़े ही भव्य तरीके से चल रहा जिसमें सभी भक्तगण बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ माता के जयकारे लगाते हुए मधुर मधुर भक्ति संगीत के कार्यक्रम चल रहे। जिसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस भी बड़ी ही सक्रियता के साथ अपनी ड्यूटी को निभा रही जिसका मुख्य उद्देश्य है की किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे । उसी क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों व प्रमुख - प्रमुख चौराहों पर पैदल गस्त करते हुए संदिग्ध व संदिग्धों पर भी नजर रही संदिग्ध लग रहे वाहनों व लोगों की जाँच पड़ताल भी की जा रही। पुलिस टीम द्वारा पड़िला क्षेत्र, इस्माइलगंज व माता जगदम्बा के लगे पंडालों में जाकर जायजा लेते रहे जिससे किसी भी प्रकार से पंडालों में अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इंस्पेक्टर थरवई द्वारा बताया गया की नवरात्रि के इस भव्य पर्व को जो पूरे नौ दिनों तक निरंतर चलता रहेगा उसी के दृष्टिगत मैया के दरबार में भी सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जा रहा साथ ही शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर हर जगह गस्त कर निगरानी रखी जा रही। टीम में मौजूद रहे वरिष्ठ उपनिरीक्षक रावेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एस आई अर्जुन सिंह, सोनू, महिला एस आई निधी पटेल, रिचा वर्मा, हरिओम, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ की दृष्टिगत मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत में अधिकारियों के साथ किया स्थलीय नरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में शुक्रवार को कई कार्यों का निरीक्षण मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों समेत किया। उन्होंने किला घाट पर सिंचाई विभाग, अक्षयवट कॉरिडोर द्वार पर सेना के अधिकारियों, भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर पर उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन तथा आई ई आर टी फ्लाई ओवर पर सेतु निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यों की प्रगति समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड ग्राउंड पर अखाड़ा परिषद कि आगामी बैठक के दृष्टिगत बनाए जा रहे पंडाल का भी अवलोकन किया एवं उसमें सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा।

# बहुआयामी व्यक्तित्व के रचनाकार थे डॉ. कुंवर : प्रवीण पटेल

## साहित्यकार डॉ.देवी प्रसाद कुंवर की पहली पुण्यतिथि पर उनकी पुस्तक का हुआ लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.देवी प्रसाद कुंवर की पहली पुण्य तिथि पर शुक्रवार को उनकी संस्मरणात्मक पुस्तक सृजन का अपरुप संसार का लोकार्पण झूंसी के अंदावा स्थित श्रीकृष्ण गार्डेन में किया गया। पुस्तक का लोकार्पण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि साहित्यकार डॉ.देवी प्रसाद कुंवर बहुआयामी व्यक्तित्व के रचनाकार थे। कहा कि उनकी लेखनी का कैनवस इतना विशाल था कि उसमें समाज के हर तबके का व्यक्ति समाहित था। सांसद प्रवीण ने कहा कि वह बेबाक इंसान भी थे। जो भी कहना है सामने कहते थे। उनके ठहाके मुझे आज भी याद है। वो जब ठहाके लगाते थे तो ऐसा लगता था कि जीवन में उनसे सुखी इंसान कोई नहीं है। वह बड़े अधिकार के साथ मुझे साहित्यिक गोंष्ठियों और कवि सम्मेलनों में आमंत्रित किया करते थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक प्रोफेसर रामसुधार सिंह ने कहा कि डॉ.कुंवर ने काशी और प्रयाग में साहित्य का अपना एक बड़ा परिवार बनाया था। हिंदी साहित्य जगत में वह प्रयाग और काशी के सेतु थे। प्रयागराज की संस्कृति को मैंने उनके लेखन से पहचाना। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रविनंदन सिंह ने कहा कि डॉ.कुंवर में बेबाकी थी, वह निडर व्यक्तित्व के इंसान थे। हिंदुस्तानी पत्रिका में वह लगातार लिखते थे। उनकी रचनाओं में निरंतरता थी। एकेडमी की फाइलों से उनके निबंधों को निकालकर संग्रह करने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति पवन तिवारी ने कहा कि राष्ट्र को सफल बनाने की दिशा तय करने के लिए डॉ.देवी प्रसाद कुंवर जैसे साहित्यकारों की आवश्यकता है। केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा ने कहा कि डॉ. कुंवर अपनी लेखनी और ठहाकों से जाने जाते थे। उन्होंने जीवन को पूरी बेबाकी के साथ जिया और वहीं अपनी लेखनी में कलमबद्ध किया। सेंट्रल एकेडमी के निदेशक एसके तिवारी ने कहा कि डॉ. कुंवर अपनी रचनाधर्मिता से हमेशा हम सबके के बीच रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झूंसी चित्रगुप्त परिवार के मुख्य संरक्षक पीसी श्रीवास्तव ने की। इसके पहले स्वागत भाषण डॉ.सव्यसाची और पुस्तक के बारे में डॉ. सीमांत प्रियदर्शी ने जानकारी दी। कार्यक्रम को बहादुरपुर ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव डब्बू ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन शाश्वत ने किया। स्वागत गीत स्वाति निरखी और भजन अल्फा मुमताज ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिद्धार्थ, डॉ.अरविंद श्रीवास्तव, डॉ.आरके यादव, डॉ. मतता मिश्रा,डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. वीरेंद्रमणि त्रिपाठी, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव, सुरेंद्र त्रिपाठी, अनिल श्रीवास्तव प्रापर्टी, अतुल मिश्र, डॉ. गिरीश पांडेय, एनके श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव दादा, डॉ.सियाराम त्रिपाठी, रामजी त्रिपाठी, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।



## लड़की ने गंगा नदी में लगा दी छलांग लड़के को राहगीरों ने पकड़ा

**प्रयागराज।** शुक्रवार को शास्त्री पुल से लड़का लड़की ने एक साथ छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर ही रहे थे तभी राहगीरों ने लड़के को पकड़कर खींच लिया तथा लड़की ने गंगा नदी मे छलांग लगा दी। और नदी के गहरे पानी में समा गयी,जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी के नेतृत्व में गोताखोर लड़की की तलाश में जुटे हुए है । घटना शाम लगभग 7 बजे की बताई जा रही है। जल पुलिस गंगा नदी को खंगाल रही है, लेकिन अभी तक लड़की का कुछ पता नहीं चल पाया है। दारागंज पुलिस लड़के से पूछताछ कर रही है । लड़के ने पूछताछ मे बताया की वो जमुनीपुर कोटवा का रहने वाला है और लड़की झूंसी कॉलोनी नंबर -3 की रहने वाली है।

## न्यूज झरोखा

## सीता स्वयंवर एवं धनुष यज्ञ की लीला का मंचन हुआ





**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शुक्रवार को श्री अवंतिका रामलीला में सीता स्वयंवर एवं धनुष यज्ञ की लीला का अत्यंत मनोहारी मंचन हुआ। सीता स्वयंवर में उपस्थित बड़े-बड़े राजाओं के द्वारा शिव धनुष को तोड़ना तो दूर उठाने में भी असमर्थ होने से क्षुब्ध महाराज जनक विलाप करने लगते हैं और कहते हैं कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह धरा वीरों से खाली है। इस पर लखन लाल क्रोधित हो जाते हैं और महाराज जनक का प्रतिवाद करने लगते हैं। राम उन्हें शांत करते हैं। महर्षि विश्वामित्र शुभ समय जानकर शिव धनुष भंग करने के लिए राम को आदेशित करते हैं। राम, लक्ष्मण को धरा एवं समस्त ब्रह्मांड को संभालने का आदेश देते हैं और पलक झपकते ही धनुष भंग कर देते हैं। चारों ओर जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगते हैं। पुष्प वर्षा होने लगती है। सीता राम के गले में जयमाल डाल देती हैं। व्यास जी गाते हैं झुक जइयो तनक रघुवीर लली मेरी छोटी सी। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, बी बी सिंह, राजेंद्र शुक्ल, संजय चतुर्वेदी, राकेश त्रिपाठी, अनंत झा, गोविंद दुबे, धीरज मिश्रा, अरुण त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, राधेश्याम तिवारी, डा. आस्था पांडेय, एन बी दुबे, बजरंगी आदि उपस्थित रहे।

## मानस रामलीला में श्री राम जन्म मुनि आगमन, तड़का वध का मंचन हुआ




**नैनी।** नैनी में मानस रामलीला अभिमन्यु शाखा मैदान में शुक्रवार को आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कुशल कलाकारों द्वारा भगवान श्री राम जन्म के दौरान। एक बार भूपति मन माहीं, भई ग्लानि मोरे सुत नाही। श्रृंगी ऋषि वशिष्ठ बुलावा पुत्र काम शुभ यज्ञ करावा। मुनि आगमन, तड़का वध और अहिल्या उद्धार का भव्य प्रदर्शन मंच से किया गया। मंच पर भगवान श्री राम जी की आरती मुख्य अतिथि पार्षद पवन कुमार यादव ने किया। रामलीला मैदान में उपस्थित राम भक्तों ने मंचन कार्यक्रम के दौरान कई बार कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया गया। मंचन कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंह, संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमा कुशवाहा, मंत्री राज कुमार कुशवाहा, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, कोशाअध्यक्ष प्रदीप तिवारी, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जायसवाल, उपाध्यक्ष पं वीरेंद्र कुमार शर्मा, राज सिंह, संरक्षकगण राकेश श्रीवास्तव, सुभाष केशरवानी, राजकुमार यादव, रमेश केसरवानी, मो पीर अजहर, आशीष राय, रोहित शुक्ला, शिव शंकर दीक्षित, प्रदीप महरा, सदाशिव दीक्षित, जितेंद्र दीक्षित, महंत राजा राम दास फलाहारी बाबा आश्रम, लवकुश दास, सुनील कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## शंकरगढ़ में आज आएंगी केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल



**बारा।** शंकरगढ़ क्षेत्र के अल्ट्राटेक कंपनी के बगल कपारी में डा. कैलाश हॉस्पिटल का उद्घाटन पांच अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल करेंगी। भाजपा की सहयोगी पार्टी ₹अपना दल एस₹ विधानसभा अध्यक्ष गुड्डू पटेल ने बताया कि शंकरगढ के अल्ट्राटेक कंपनी के बगल कपारी में डॉक्टर कैलाश हॉस्पिटल का पांच अक्टूबर को उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की चीफ गेस्ट सांसद मिजार्पुर व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (भारत सरकार) अनुप्रिया पटेल होंगी। गुड्डू पटेल ने बताया कि डॉक्टर कैलाश हॉस्पिटल का उद्घाटन को भव्य बनाने के लिए विशेष ध्यान सरकार के स्तर से भी दिया जा रहा है, ताकि इसका फायदा अपना दल एस को आगामी विधानसभा चुनाव में मिल सके।

# बुलंदशहर गैंगरेप के दोषियों को सजा-ए-मौत नहीं

**प्रयागराज।** बुलंशहर के चर्चित गैंगरेप कांड के दोषियों को अब सजा-ए-मौत नहीं नहीं होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 वर्षीय किशोरी के साथ बुलंदशहर में जनवरी 2018 में सामूहिक बलात्कार और हत्या के लिए तीन अभियुक्तों की मौत की सजा को बिना किसी छूट के 25 साल के कारावास में बदल दिया।न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की पीठ ने कहा कि यह 'दुर्लभतम में से दुर्लभतम' मामला नहीं है, जिसमें मृत्युदंड दिया जा सके। न्यायालय ने यह भी कहा कि दोषियों के समाज में सुधार और पुनर्वास की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**चलती कार में हुआ था सामूहिक रेप और हत्या**

अभियोजन पक्ष के मामले के अनुसार, 2 जनवरी, 2018 की शाम को, दोषियों जुल्फिकार अब्बासी, दिलशाद अब्बासी और मालानी उर्फ ??इजरायल ने 'मस्ती' करने के लिए एक लड़की को उठाने का फैसला किया। पीड़िता को अपनी साइकिल पर अकेले आते देखा और लड़की को जबरन अपनी गाड़ी में ले लिया और चलती गाड़ी में ही उसके साथ बारी-बारी से बलात्कार किया। जब लड़की रोने लगी तो उन्होंने उसके गले में पहने दुपट्टे से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और उसके बाद उसकी लाश को नाले में फेंक दिया।मार्च 2021 में बुलंदशहर की पाक्सो अदालत ने तीनों आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई। जिसमें कहा गया कि उनके अपराध ने ह्ललोगों को डरा दिया था और माता-पिता अपनी लड़कियों को स्कूल भेजने से डरने लगे थेह्व। उन्हें धारा 364, 376D, 302/34, 201, 404 आई पी सी और धारा 5G जी/6 पाक्सो अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था। उनकी अपीलों और मृत्युदंड की पुष्टि के लिए निचली अदालत द्वारा दिए गए संदर्भ पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने साक्ष्यों का पुनः मूल्यांकन करने के बाद उक्त सजा सुनाई।घटना की तारीख को पीड़िता की उम्र लगभग 17 वर्ष, 03 माह और 28 दिन थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए, न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दर्ज किए गए निष्कर्ष को बरकरार रखा कि अभियुक्तों ने पीड़िता का अपहरण करने का अपराध किया, जो 18 वर्ष से कम आयु की थी। उसके साथ गंभीर यौन उत्पीड़न भी किया और फिर दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को नाले के पास फेंक दिया। हाईकोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि की पुष्टि की। जहां तक ??अपीलकताओं की सजा का सवाल है, हाईकोर्ट ने कहा कि यह 'दुर्लभतम' मामला नहीं है, जिसमें मृत्युदंड दिया जा सके।मौत की सजा हटाते हुए कोर्ट ने कहा कि आरोपी अपीलकताओं का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है तथा उनके परिवार भी उन्हें सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आरोपी-अपीलकताओं की आयु लगभग 24 वर्ष है। समाज में अपीलकताओं के सुधार और पुनर्वास की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ट्रायल कोर्ट ने भी मृत्युदंड देने से पहले यह निष्कर्ष दर्ज नहीं किया कि आरोपी समाज के लिए खतरा हो सकता है।

## 25 साल करावास की सजा, हाईकोर्ट ने सामूहिक बलात्कार, हत्या केस को 'दुर्लभतम से भी दुर्लभ मामला नहीं' माना

# महापौर ने देखीं शहर की प्रमुख सड़कों की स्थिति

## दशहरा पर्व और रामदल के मार्गों व लिंक मार्गों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दशहरा पर्व और रामदलों के आयोजन को लेकर तैयारियां विभिन्न कमेटियों की तरफ से तेजी से की जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर इस दौरान महापौर ने लोगों से भी अव्यवस्थओं को लेकर चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी दशहरा पर्व के दृष्टिगत मेला/चौकी मार्गो अल्लापुर लेबर चौराहा व मुट्ठीगंज के आस- पास व लिंक मार्गो का निरीक्षण किया गया। लेबर चौराहा अल्लापुर बाघम्बरी रोड व मटियारा रोड चौकी/रामदल मार्ग का निरीक्षण किया गया। 20 प्रतिशत मेला मार्ग पर गड्ढे पाए गए। यहां पटरियां क्षतिग्रस्त मिलीं। रामदल मार्ग पर प्रकाश के कुछ बिन्दु खराब मिले। रामलीला पार्क के चारों तरफ गंदगी पाई गई। अनियमित तरीके से जानवर बांधे मिले। इसके साथ ही पार्क के चारों तरफ अतिक्रमण पाया गया। मटियारा रोड पर 70 मीटर का पैच बाकी पाया गया। पुलिस चौकी के सामने व अन्य स्थानों पर मलबे का ढेर पाया गया। बाघम्बरी रोड पर जगह जगह पर विद्युत पोल स्थापित करने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं, जिन्हें तत्काल बंद करने का आदेश दिया गया। हैजा अस्पताल के पास बड़ा लीकेज पाया गया। रोड पर सीवर के ढक्कन सड़क से ऊंचे मिले। मुट्ठीगंज में पंचकोशी मार्ग आर्य कन्या चौराहे से हटिया तक सड़क क्षतिग्रस्त पाई गई।पटरियां सड़क से नीची व क्षतिग्रस्त पाई गईं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 30 प्रतिशत से अधिक प्रकाश बिन्दु बन्द बताए गए। रामभवन से कोठापार्चा होते हुये बहादुरगंज व भारती भवन से नखास कोहना तक सड़क कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त पाई गई। जिससे चौकियों के आवागमन में काफी परेशानी होगी। इन स्थानों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा रोड चौड़ीकरण, विद्युतीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिन्हें तत्काल ठीक कराने के निर्देश महापौर ने अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के समय शिव सेवक सिंह,मुकेश लारा,सोनू सिंह पूर्व पार्षद , महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव , नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी संजय मंमगई, राम सक्सेना अवर अभियन्ता आदि उपस्थित रहे।



## शंकरढाल के पास ट्रक की टक्कर से टूटे तार, सैकड़ों घरों की बिजली गुल

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकरढाल पर गुरुवार देर रात से ही सैकड़ों घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। शंकरढाल पर एक ओवरलोड ट्रक बिजली के तारों को तोड़ते हुए डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर के बाद सभी तार एक दूसरे में टकराकर शॉर्ट करने लगे। इसी बीच तेज धमाके के साथ ट्रांसफार्मर भी फुंक गया बिजली विभाग के कमेर्चारियो ने शुक्रवार रात तक फाल्ट की मरम्मत की, वहीं नैनी बाजार के लोकेश तिवारी मुन्ना गुप्ता विनोद केसरवानी बताते हैं कि गुरुवार की देर रात से लाइट कटी हुई है। बिजली विभाग की और से देर रात ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर मंगाया गया है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि त्रुटि वश पासपोर्ट में मेरा नाम साजिदा बानों गुड्डी पत्नी मोहम्मद रफीक हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम गुड्डी पत्नी मोहम्मद रफीक निवासिनी इब्राहिमपुर पोस्ट लालगोपालगंज, तहसील सोरांव, जनपद प्रयागराज है। मुझे इसी नाम पता से जाना एवं पहचाना जाए।

# सौहार्दपूर्ण व भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार-डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली व अन्य त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने पुलिस लाइन के संई काम्प्लेक्स सभागार में पीस कमेटी की बैठक कर अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं, व सम्भ्रान्त नागरिकों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विभिन्न संप्रदाय के धर्म गुरुओं व सम्भ्रांत नागरिकों तथा आयोजकों से उनके क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने धर्मगुरूओं व सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण व भाई चारे के साथ मनायें। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को शोभायात्रा/जुलूस के अंतर्गत सड़कों के गड्ढे भरवाने के निर्देश दिए, अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि ढीले तारों व केबिलों को कसाने तथा निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें तथा दुर्गा पूजा पण्डालों में विद्युत कनेक्शन की अनुमति लेकर ही बिजली का प्रयोग किया जाये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सड़क किनारे की झाड़ियां की कटाई व सफाई करने के निर्देश दिए। मूर्ति विसर्जन को लेकर घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारी, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु व संभ्रांत नागरिक व अन्य संबंधित मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम-एसपी।

# श्री रामलीला समिति ने निकाली सीता उत्पत्ति की मनोहर झांकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा सीता उत्पत्ति की लीला की झांकी निकाली गई। आज की झांकी में राजा जनक हल चला रहे थे जिसमें से एक घड़े से माता सीता की उत्पत्ति की लीला का दृश्य देखने को राम भक्तों की भीड़ उमड पड़ी थी।

जगह-जगह महिलाओं ने आरती उतारी और पुष्प वर्षा की। आज की लीला की झांकी गोपाल मंदिर से चैक होते हुए सदर बाजार से चैक होते हुए रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ से वापस पंजाबी मार्केट से गोपाल मंदिर जाकर विश्राम दिया गया। इस अवसर पर संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश प्रताप दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, धर्मेंद्र चैरसिया, राहुल सोनी, बंटी नेता आदि उपस्थित रहे।



सीता उत्पत्ति की निकली मनोहर झांकी।

# दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के चयनित स्थल का एडीएम ने किया निरीक्षण

## इस बार विसर्जन स्थल को वर्षा के पानी के कारण नगर पालिका ने बदला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का स्थान इस बार बदल गया है। पहले शहर और आसपास की सभी मूर्तियां बेल्हा देवी घाट के पास बनाये गये गड्ढों में विसर्जित की जाती थी। यहां पानी होने के कारण इस वर्ष मानव तन मंदिर के समीप (एनसीपी) के बगल विसर्जन स्थल बनाये गये हैं जिसका आज एडीएम त्रिभुवन वर्मा, एसडीएम सदर शैलेन्द्र वर्मा, नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार को साथ लेकर नवनिर्मित स्थलों पर पहुंचे।

इस निरीक्षण में नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, मूर्ति विसर्जन समिति के प्रबंधक विजय सिंह आदि मौजूद रहे। बताया गया कि बेल्हा देवी घाट पर इस बार पानी अधिक होने के कारण स्थान बदला गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अब नदियों में मूर्ति विसर्जन नहीं किया जा सकता इस कारण नगर पालिका विगत पांच-छह वर्षों से बेल्हा देवी के घाट के पास गड्ढा बनाकर इसका स्थान निश्चित कर देती थी जहां पर शहर व आसपास के लगभग 250 मूर्तियां विसर्जन के लिये विगत वर्षों में आती रही। इसी अनुमान को लेकर यह स्थान चयनित किये गये हैं।



विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते एडीएम, एसडीएम व ईओ।

## शशांक सिंह के निधन पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** जिला बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं की एक आपातकालीन संयुक्त बैठक बार एसोसिएशन, वकील परिषद व जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन की बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता बृजेश बहादुर सिंह एवं संचालक महामंत्री राजेश्वर प्रताप सिंह ने किया। बैठक में जिला बार एसोसिएशन के सदस्य शशांक सिंह की असामयिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान शुक्रवार को अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोक सभा में पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, रामचन्द्र सिंह, जवाहर लाल द्विवेदी, विद्याभान सिंह, सुधाकर सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, शिव प्रसाद तिवारी, जूबाए अध्यक्ष रोहित शुक्ल, महामंत्री संतोष सिंह, अजय सिंह, जय प्रकाश मिश्र, रविंद्र सिंह, शिव बहादुर सिंह सहित तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सीखना और सतत अभ्यास से विद्यार्थी बनते हैं सफल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, गोंडे में सिलाई प्रबंधन एवं अचार पापड़ मसाला पाउडर निर्माण प्रशिक्षण के बैच को संबोधित करते हुए यह विचार सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने व्यक्त किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को उद्यमी बनने के गुण बताते हुए उन्हें सतत अभ्यास के साथ सीखने की सलाह दी।

उन्होंने इस अवसर पर संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा निर्मित और उत्पादित सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रशिक्षार्थियों से रूबरू बातचीत भी की। निदेशक रवि रंजन तथा डीडीएम नाबार्ड विजेंद्र कुमार ने भी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए स्वरोजगार संस्थान में आधुनिक तरीके और मशीनों के प्रयोग के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय सलाहकार शिशिर खरे ने किया। विधायक सदर द्वारा आर सिटी प्रांगण परिसर में फलदार पौधे का रोपण भी किया गया। अमृता दुबे, शांतनु शेखर सिंह, संजीव कुमार, विनय विश्वकर्मा और प्रशिक्षित बबीता सिंह एवं नीति सिंह की भी उपस्थित रही।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में नवरात्र पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में ढाई बजे लालगंज तथा साढे तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दुर्गा पूजा के विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। वह सायं चार बजे सांगीपुर तथा इसके बाद अठेहा, उदयपुर, मंगापुर व ननौती में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## व्यापारी के निधन पर साथियों ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** व्यापारी के निधन पर साथियों ने शोक जताया है। अजगरा बाजार निवासी पचपन वर्षीय भगवान प्रसाद सोनी का हृदयगति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह बाजार में इलेट्रानिक्स सामानों की रिपेयरिंग की दुकान चलाते थे। व्यापारी के निधन पर अनिल सोनी, रमेश जायसवाल, निर्झर प्रतापगढ़ी, गुलाब जायसवाल, प्रहलाद जायसवाल, प्रेमचंद्र सोनी, उदय सिंह, सुशील आदि ने संवेदना जतायी है।

# बार बालाओं के साथ ठुमके लगाने पर राजस्वकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में बार बालाओं के साथ अश्लील नृत्य को लेकर निलंबित तीनों राजस्वकर्मियों के खिलाफ अब पुलिस ने भी अपना शिकंजा कस दिया है। दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने तीनों राजस्वकर्मियों व बीस पचीस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बगल स्थित तहसील में बीते मंगलवार को तत्कालीन तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त को लेकर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इसके बाद देर शाम तहसील परिसर में आयोजित हुए आर्केस्ट्रा में बार बालाओं के साथ अश्लील गानों पर कई राजस्वकर्मियों के ठुमके लगाने का वीडियो बुधवार की शाम वायरल हुआ तो प्रशासनिक महकमे में हडकंप मच गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन की फटकार के बाद एसडीएम नैनसी सिंह ने लेखपाल संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सरोज, लेखपाल संजय यादव तथा अमीन बृजेन्द्र बहादुर सिंह पर निलंबन की कार्रवाई की। निलंबित राजस्वकर्मियों पर अपना शिकंजा कसते हुए कोतवाली के दरोगा दीपक यादव ने तहरीर दी। जिस पर तीनों राजस्वकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि राजस्वकर्मियों तथा बीस-पचीस अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर तीन राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ बार बालाओं के साथ डांस करने को लेकर मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर शुक्रवार को तहसील में कर्मचारियों के भी चेहरे पर हवाईयां उड़ती देखी गयी।

# अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष हुए गिरफ्तार

## तहसील गेट में ताला लगाकर साथियों ने किया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार की रात एक मामले में वांछित चल रहे अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष समेत पूर्व अध्यक्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने तहसील गेट में ताला लगाकर पुलिसिया कार्रवाई का विरोध किया। अधिवक्ताओं के तेवर को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड पर दिखाई दिया।

स्थानीय तहसील के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह व पूर्व अध्यक्ष राव वीरेंद्र सिंह को पुलिस ने उनके निवास स्थान बेलहा से गुरुवार की रात गिरफ्तार कर लिया। अधिवक्ता से जुड़ा मामला होने के कारण कि कहीं कोई विवाद न हो इस लिए एहतियातन पुलिस ने दोनो अधिवक्ताओं को रात में ही बाघराय थाना लेकर चली गई। गिरफ्तारी की सुबह जानकारी होते ही अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई से क्षुब्ध होकर तहसील गेट में ताला लगाकर विरोध जताया। तहसील व दीवानी न्यायालय के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।तहसील परिसर में पूरे दिन गहमागहमी का माहौल देखा गया। वहीं स्थानीय प्रशासन भी अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए अलर्ट मोड पर दिखाई दिया।



तहसील गेट में तालाबंदी करते अधिवक्तागण।

### क्या कहते है अधिकारी?...

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज यादव ने कहा कि निलंबित राजस्व कर्मियों के साथ कई अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। दोनो अधिवक्ता एक मामले में वांछित चल रहे थे। दोनों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें बाघराय थाने में रखा गया है, वहीं से विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षण शिविर में ध्वज शिष्टाचार, श्रमदान की दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में गाइड की तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न जानकारी दी गई। मंगरौरा में गाइडो को ध्वज शिष्टाचार, श्रमदान, प्राथमिक सहायता, प्रगतिशील प्रशिक्षण, ध्वज की जानकारी, सीटी के संकेत, गांठ, फांस बंधन का अभ्यास करवाया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पट्टी, आसपुर देवसरा, गौरा, शिवगढ़, मानधाता में भी दूसरे दिन गाइडों को इसका अभ्यास कराया गया। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। सभी गाइड कैप्टन को इस कार्य को बेहतर ढंग से करने के लिए सरहना की। प्रशिक्षण शिविर जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, बालिका डीसी पिंटू कुमार,जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, मंजू सिंह एवं विद्यालयों की गाइड कैप्टन की देख-रेख में संचालित हो रहा है।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को प्रशिक्षण देतीं प्रशिक्षिकाएं।

## जानलेवा धमकी पर आरोपी के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जानलेवा धमकी के आरोप को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के कुम्भीआइमा गांव निवासी प्रधानपति शशिप्रकाश पुत्र स्व0 जगदीशचंद्र ने बीती तीन अक्टूबर को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते चैबीस मार्च को गांव के प्रभात ओझा पुत्र शिवपूजन चन्द्र ओझा ने ब्लाक परिसर में उसके भाई पर जानलेवा हमला किया था। आरोपी आये दिन मारपीट पर अमादा रहता है तथा उसके द्वारा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोपी फेसबुक पर वीडियो अपलोड करके भी धमकी दे रहा है। एसओ राधेबाबू का कहना है कि जांच के बाद आरोपी प्रभात ओझा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दलित युवक व मां के साथ मारपीट की शिकायत एसपी से

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मां के साथ सामान लेने आए दलित युवक व उसकी मां को दबंगों ने जम-कर मारा-पीटा। थाने पर सुनवाई न होने से पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बौजलपुर गांव निवासी आकाश गौतम का आरोप है कि वह गुरुवार को दिन में करीब डेढ़ बजे अपनी मां प्रेमा देवी के साथ सामान लेने भीखमपुर गांव गया हुआ था। जहां पर पहले से ही कुछ लोग मौजूद थे। उन लोगों ने उसे और उसकी मां को घसीट-घसीट कर मारा पीटा। इससे दोनों को काफी चोटे आ गई। घायल का आरोप है की घटना के बाद शिकायत लेकर थाने गए।

उन्हें वहां से डांटकर भगा दिया गया। शुक्रवार की सुबह आरोपी घर में घुस कर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। शुक्रवार को दिन में करीब एक बजे एसपी प्रतापगढ़ को दलित युवक आकाश अपनी मां प्रेम के साथ पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया है। एसपी ने आसपुर देवसरा थाने को मामले की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। इस संबंध में आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष सिंह का कहना है कि युवक के साथ कोई मार-पीट नहीं हुई है। भीखमपुर गांव के एक छात्र को घर लौटते समय मारा-पीटा गया था। अपने बचाव में पुलिस पर यह झूठा आरोप लगाया जा रहा है जिससे पुलिस कोई कार्रवाई न करें।

## पांच देशी बम के साथ आरोपी धराया, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गश्त के दौरान पांच देशी बम के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। लालगंज कोतवाली के दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी शुक्रवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर नया पुरवा बेलहा नहर पुलिया के पास मौजूद आरोपी आमिर उर्फ गोलू पुत्र मो. इस्लाम निवासी मदनगढ़ बेलहा को पांच देशी बम के साथ धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गोवश निवारण अधिनियम धोखाधड़ी आदि के चार मुकदमें दर्ज हैं।

## भगवान् वामन की कथा श्रवण से मिलता है सुख वैभव- संत सम्पूर्णानंद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के डगरारा गांव में चल रही श्री वामन महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की उमड़ रही है। प्रयागराज से पधारे संत सम्पूर्णानंद जी महराज ने शुक्रवार को कथा प्रसंग में कहा कि जीवन में संकट के निवारण के लिए दान बहुत जरूरी है। संस्कारवान व्यक्ति ही समाज व देश की सबसे बड़ी सम्पत्ति हुआ करता है। कथा प्रसंग में संत सम्पूर्णानंद जी महराज ने कहा कि भगवान विष्णु का पांचवां अवतार वामन के रूप में हुआ था। इस दिन वामन द्वाद्वशी का व्रत भी रखा जाता है। संत ने बताया कि इस व्रत की कथा पढ़ने और सुनने से सुख वैभव की प्राप्ति होती है। कथा के संयोजक समाजसेवी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चैहान व मीरा देवी ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, कमलाकान्त, विवेक तिवारी, बबलू सिंह, अमरपाल सिंह, शिवपाल आदि मौजूद रहे।

# जीजीआईसी की छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में दी गई जानकारी

## टॉक शो विथ आइडल्स कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा के निर्देशानुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में टॉक शो विथ आइडल्स का महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें छात्राओं के साथ संवाद स्थापित किया गया और उन्हें मिशन शक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

इस अवसर पर छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति के माध्यम से बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए, उनको स्वालंबन प्रदान करने के लिए, उनको जागरूक करने के लिए और उनकी सुरक्षा करने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है। समाज में भय मुक्त वातावरण के निर्माण के साथ-साथ नारियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक और सचेत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मातृशक्ति को संबल प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बैंकिंग सखी योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही साथ महत्वपूर्ण नंबरों को भी छात्राओं को बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्र प्रशासक वन स्टाफ सेन्टर प्रतापगढ़ नीरजा कुमारी, विशिष्ट अतिथि जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड लाइन रिचा ओझा सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार प्रदर्शन जीजीआईसी की प्रधानाचार्य गीता ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया। इस अवसर पर आसरा फाउण्डेशन से सोनिया गुप्ता सहित डाक्टर कल्पना, मंजू कुशवाहा, रीना यादव, माधुरी मौर्य, निशा परवीन, रविन्द्र कुमार सिंह, अभय राज यादव आदि उपस्थित रहे।

## बकरी फार्म से 30 बकरियां चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर से बने दूर बकरी फार्म से 30 बकरियां बीती रात चोरों ने चोरी कर दी। पीड़ित ने की पुलिस से शिकायत की है। बता दें कि विपिन सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी पिपरी थाना आसपुर देवसरा का घर से पांच सौ मीटर दूर अमांपुर बाजार के निकट उपाध्याय पर आमांपुर बाजार संपर्क मार्ग के किनारे बकरी फार्म के साथ गो शाला बना हुआ हैं जिनमे छोटी बड़ी मिला कर 30 बकरियों के साथ पांच गाय भी फार्म पर मौजूद थी। जानवरों की देखभाल तथा चारा पानी के लिए मुस्तिक निवासी बहराइच व आदिल लखीमपुर को रखा हुआ है। शुक्रवार की रात के तीन बजे विपिन सिंह को मोबाइल पर आदिल ने बताया की फार्म पर मौजूद सभी बकरिया चोरी हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे विपिन सिंह ने देखा तो फॉर्म में कोई भी बकरियां मौजूद नहीं थी। घटना की सूचना पीड़ित ने आसपुर देवसरा पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के लिए फार्म पर मौजूद दो लोगों को हिरासत में लिया है। आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# आईजीआरएस की शिकायतो की जांच आख्याओं का जिलाधिकारी ने किया भौतिक सत्यापन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज तहसील चायल क्षेत्रान्तर्गत आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतो में प्रेषित जाँच आख्याओं का भौतिक सत्यापन किया गया। जिलाधिकारी ने कमलेश साहू, निवासी-कसिया पूरब की शिकायत भूमिधरी भूमि पर अवैध निर्माण का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें पाया गया कि प्रकरण भूमिधरी भूमि के मिनजुमला नम्बर का है, जिस पर आबादी स्वरूप काफी संख्या में दुकानो का निर्माण हो चुका है एवं भूमि में कई सारे बैनामेदार भी हैं। इस प्रकरण में दिनांक 19 सितम्बर 2024 को राजस्व परिषद द्वारा वाद संख्या अछ20160242002143 के माध्यम से स्थगन आदेश निर्गत किया गया है। तद्नुसार शिकायतकर्ता को अवगत करा दिया गया है कि बाद के आदेशानुसार अग्रिम कार्यवाही करें। इसी प्रकार शमसाद पुत्र सलीम उद्दीन निवासी धन्नी के शिकायत आराजी संख्या-268 पर हो रहें निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए किया गया था। प्रकरण में पाया गया कि आराजी संख्या-268 के सहखातेदारों के बीच आपसी बटवारे के उपरान्त बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा था, किन्तु एक सहखातेदार (शिकायतकर्ता) के सन्तुष्ट न होने कारण शिकायत किया गया है। उपरोक्त पक्षो को क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आपसी समझौता कराने का प्रयास किया गया किन्तु आपसी सहमति न बन पाने के कारण कार्य को रूकवाते हुये विभाजन वाद दायर कर अनुतोष प्राप्त करने के लिए हिदायत दी गयी। उपरोक्त दोनो प्रकरण का भौतिक सत्यापन सही पाया गया।

# 25 अधिकारियों ने 81 प्राथमिक उच्च प्रा. विद्यालयों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**डीएम ने खण्ड शिक्षाधिकारी-कड़ा, चायल, सिराथू एवं कौशाम्बी को शो-काज नोटिस जारी करने के दिये निर्देश**

**डीएम ने अधिशासी अभियंता-सिंचाई, अधिशासी अभियंता आरईडी एवं जिला आबकारी अधिकारी को भी सही आख्या प्रस्तुत न करने एवं भ्रमित रिपोर्ट देने पर शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को जनपद के 25 जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा कुल 81 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयो का निरीक्षण किया गया, जिसकी आख्या रिपोर्ट की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा उदयन सभागार में की गई। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करने गये सभी जनपदस्तरीय अधिकारियों से एक-एक कर रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने छात्र उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, मि-डे-मील की गुणवत्ता एवं बच्चों के लर्निंग लेबल विषय पर जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड-कड़ा, चायल, सिराथू एवं कौशाम्बी के कुछ विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति एवं मि-डे-मील की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी-कड़ा, चायल, सिराथू एवं कौशाम्बी को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता-सिंचाई, अधिशासी अभियंता आरईडी एवं जिला आबकारी अधिकारी को सही आख्या न प्रस्तुत करने एवं भ्रमित रिपोर्ट देने पर शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दियें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपयुक्त स्वरोजगार व बेसिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### तीन दिवसीय स्काउट और गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ



**कौशाम्बी।** टीआरएस इंटरनेशनल स्कूल सराय अकिल में भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधानाचार्या श्री मती निधि शर्मा रही। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम आरंभ से पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया । विद्यालय के गाइड कैप्टन तनु अग्रहरि ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चो को शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं स्काउट गाइड से अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट वैशाली सिंह गाइड कैप्टन व तनु अग्रहरि गाइड कैप्टन ने स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत,प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू यादव के द्वारा किया गया '

### अस्पताल में काम कर रहा मजदूर गिरा मौत



**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के तेरामिल के पास देवेश हॉस्पिटल में शुक्रवार को मजदूर अमृत लाल पुत्र शारदा प्रसाद निवासी ग्राम रैया देह माफी थाना चरवा मजदूरी कर रहा था तीन मंजिला इमारत में बिना सेफ्टी के मजदूरों से अस्पताल संचालक काम करवा रहे थे सुरक्षा व्यवस्था ना होने से काम के दौरान मजदूर ऊपर से नीचे गिर गया गिर जाने से मजदूर को गम्भीर चोट लग गयी चिकित्सकों ने इलाज का प्रयास किया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और मजदूर की मौत हो गई है। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगो की भीड़ लग गयी मामले की सूचना पुलिस को दी गयी सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस भी पहुँच गयी है मजदूर की मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी गांव के तमाम लोगो के साथ मौके पर पहुँच गए है अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाकर परिवार के लोग हंगामा कर रहे हैं काफी देर समझाने बुझाने के बाद मृतक के परिजन माने है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### जुमे की नवाज : मुस्तैद रही पुलिस शान्ति पूर्वक हुई नवाज



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के राला ,चाकवन चौराहे पर आज नवरात्रि व जुमे की नवाज को लेकर शान्ति ब्यवस्था बनाये रखने के लिए जगह जगह पुलिस मुस्तैद दिखी मौके पर इंस्पेक्टर राकेश कुमार अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

### अयोध्या में जन्मे रघुराई बजने लगी शहनाई



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत शहजादपुर में चल रही रामलीला के मंचन में दूसरे दिन रामजन्म कार्यक्रम का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि राजा दशरथ और तीनों रानियां के पुत्र न होने की वजह से व्यथित रहते थे। कुलगुरु वशिष्ठ की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्र कामना यज्ञ कराया था। इस यज्ञ में देव योग से माता कौशल्या की कोख से विष्णु के अवतार प्रभु श्री राम का जन्म हुआ। इसके साथ ही माता कैकेई से भरत और माता सुमित्रा से लक्ष्मण व शत्रुघ्न का भी जन्म हुआ। गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को बताया कि उनके यह पुत्र कीर्ति पताका फहराने वाले बनेंगे। राम जन्म होते ही पंडाल के अंदर बैठे भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए व जन्म की खुशी में आतिशबाजी भी किया। चारों तरफ खुशियां दिखने लगी वहां पर बैठी महिलाएं रामजन्म पर मंगल गीत गाते हुए कहने लगी अयोध्या में आए रघुराई बजने लगी शहनाई। इसके साथ साथ लोगों ने श्री राम जन्म पर उपहार भी भेंट किया। कार्यक्रम में प्राचीन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रवि तिवारी, महामंत्री प्रभास चंद सोनकर, मंत्री मोहित यादव,संदीप सोनकर नंदू, जितेन्द्र,मानिकचंद्र मनकुश,राजू,नीरज, मूल चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## बैंक से लोन दिलाने के नाम पर शाखा प्रबंधक के नाम पर ठगा 18 हजार की रकम

**कौशाम्बी।** व्यापार बढ़ाने के लिए बैंक से लोन लेने के लिए धर्मेंद्र सोनकर पुत्र फूलचंद निवासी अंदावा शहजादपुर थाना कोखराज बैंक का चक्कर लगा रहे थे इसी बीच मंझनपुर का रहने वाला एक बैंक दलाल उन्हें मिला और कहा कि वह बैंक मैनेजर से मिल कर उनका बैंक से 10 लाख का लोन मंजूर करवा देगा लोन करवाने के बदले में उसने बैंक मैनेजर के नाम पर रकम की डिमांड की जिस पर दलाल के झांसे में धर्मेंद्र सोनकर आ गए और उन्होंने दलाल को तीन बार में 18 हजार 200 की रकम दे दी है लेकिन धीरे-धीरे 1 वर्ष का समय बीत गया और धर्मेंद्र सोनकर का लोन भी नहीं हुआ और 18 हजार 200 की रकम धर्मेंद्र सोनकर को दलाल से वापस नहीं मिल सकी है बताया जाता है कि यह दलाल तमाम लोगों से ठगी के काम में लिप्त होने के चलते एक बार जेल भी जा चुका है इन दिनों वह जमानत पर बाहर है और फिर लोगों को झांसा देकर ठगी में लिप्त है बार-बार रकम मांगने के बाद भी दलाल ने धर्मेंद्र सोनकर से ली रकम वापस नहीं किया है जिस पर धर्मेंद्र सोनकर ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र दे कर बैंक से लोन कराने के नाम पर रुपए लेने वाले दलाल पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# सर्वे कराकर अवशेष रह गये पात्रों को व्यक्तिगत शौचालय से करें लाभान्वित : जिलाधिकारी

**पंचायत सहायको द्वारा कुल चयनित 4 लाख 08 हजार 594 लाभार्थियों के शौचालयों का कराया जाना था सत्यापन**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को सर्वे कराकर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि लाभार्थियों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग किया जा रहा है या नहीं, नियमित सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने शौचालयों की जियो टैंगिग कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्हांने सभी बीडीओ, ए-डीपीआरओ, एडीओ पंचायत एवं डीसी को आपसी समन्वय बनाकर अपने-अपने विकास खण्डों के मॉडल ग्रामों का निरीक्षण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मॉडल ग्रामों का मानक के अनुसार मॉनीटरिंग करेंगे एवं ग्रामवासियों से बात-चीत कर फोटो सहित अवगत करायेंगे जिलाधिकारी ने कहा कि पिछली बैठक में प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट इकाई नेवादा एवं मंझनपुर की समीक्षा की गई थी, उस दौरान बताया गया था कि इकाई में विद्युत कनेक्शन का कार्य न होने के इकाई बन्द है, इकाई में विद्युत कनेक्शन का कार्य जल्द से जल्द कराकर इकाई को चालू कराने के निर्देश दियें गये थे, लेकिन उसके उपरान्त भी इकाई का संचालन नहीं हो पाया है, जिस पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए 10 दिवस के अन्दर विद्युत कनेक्शन का कार्य कराते हुए इकाई को संचालित कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 11596 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एमआईएस करा दी गयी है, जिसमें से 6624 लाभार्थियों को 02 चरणों में पीएफएमएस के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 4750 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी एम0आई0एस0 के सापेक्ष 4972 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 1874 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोंफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 4 लाख 08 हजार 594 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 391973 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है, अवशेष 16621 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु एवं सभी विकास खण्डों के बीडीओ सहित अन्य सम्बधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## किसान के खेत में लगा दिया बिजली का खंभा, शिकायत



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ग्राम पंचायत गनपा के मजरा भैरवपुर में नवनिर्मित राजकीय ट्यूबवेल में कनेक्शन के लिए बिजली विभाग ने किसान के खेत में बिजली का खंभा गाड़कर कर बिजली सप्लाई खींच दी है। जिस पर किसान ने शुक्रवार को उसे हटाने के लिए एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र दिया दिया है। एसडीएम ने मामले की जांच कर निस्तारण के लिए एसडीओ को निर्देशित किया है। भैरवपुर के किसान रंगीलाल ने बताया कि उसके खेत के पास राजकीय नलकूप का नया बोर कर नलकूप स्थापित किया गया। लेकिन बिजली विभाग ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए विरोध के बावजूद मेरे खेत में बिजली का खंभा गाडकर उसमें बिजली की तार खींच दिए है। ऐसा करने से किसान को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर किसान ने गुरुवार की एसडीएम सिराथू को अपनी ब्यथा सुनाते हुए खेत में लगे बिजली के पॉल को हटाने की मांग की है।

## अकेली महिला पर दबंग कर रहे हैं बार-बार हमला

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव के मजरा पुरवा की रहने वाली ममता देवी पत्नी सुरेंद्र यादव के गांव के पंकज नंगेश पुत्र सुरेश ने एक अक्टूबर को शाम का 4:00 बजे महिला की जमीन पर खूंटा गाड़ रहे थे जब महिला ने मना किया तो दोनों भाइयों ने गाली गलौज करते हुए महिला को मारपीट किया जिससे महिला को चोट आई है दोनों भाइयों ने धमकी दिया कि तेरी जमीन पर कब्जा करके मानेंगे जहां शिकायत करनी होगी इससे पहले भी उक्त परिवार के पांच भाइयों ने मिलकर महिला को अकेले पाकर घर के अंदर घुसकर छेड़खानी करते हुए मारा पीटा था जिसकी भी शिकायत महिला ने थाना पुलिस से किया था लेकिन थाना चौकी पुलिस ने महिला की सुनवाई नहीं किया उसे डॉट कर भगा दिया है हमला करने वालों पर कार्रवाई न होने से उनका दिनों तक हौसला बढ़ता जा रहा है महिला का कहना है कि उसका पति मेहनत मजदूरी के चलते घर से बाहर रहता है और अकेले होने के चलते यह दबंग झगड़ा लड़ाई मारपीट कर जमीन कब्जा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं महिला का कहना है कि पंकज आए दिन तंग करता है शुक्रवार को महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँची और शिकायती पत्र देकर हमला करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

# व्यापारी को जबरन घर से उठाकर बंधक बनाने की हुई कोशिश

**दो गुना रकम देने के बाद भी सूदखोर दबंगों का कर्ज नही हुआ खत्म, कर्जदार की किडनी निकाल कर रकम वसूलने की धमकी दे रहे है सूदखोर**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरायं अकिल कस्बे के एक दबंग ने दी गई रकम के बदले दोगुना से भी ज्यादा की वसूली कर ली। इस पर भी जब इसका मन नहीं भरा तो गुरुवार को व्यापारी को जबरन घर से उठाकर बंधक बनाने की कोशिश की। मामला पटेल चौराहे के एक व्यापारी के घर में घुसकर व्यापारी को जबरन घसीटते हुए कार में बैठाने और बंधक बनाकर पांच गुना रकम वसूलने का है। जानकारी के मुताबिक सरायं अकिल कस्बे के एक दबंग सूदखोर ज्ञानबाबू स्वर्णकार ने पटेल चौराहा निवासी एक व्यापारी को 2,15,000 रुपए बतौर कर्ज. दिया। व्यापारी ने इसके बदले में 4,63,192 रुपए लौटा भी दिए,लेकिन दबंग ने उससे जबरन 5 गुना रकम लौटाने को कहा और धमकी दी कि अगर 24 घंटे में 5 गुना रकम यानी 10,75,000 रुपए नहीं लौटाया तो घर से उठा ले जाउंगा और किडनी निकाल कर रकम वसूल कर लूंगा। घर वालों को लाश भी नसीब नहीं होगी। दबंग की धमकी से व्यापारी का पूरा परिवार सदमे में है। शासन प्रशासन और पुलिस में दबंग ऊंची पंहुच भी रखता है,जिससे स्थानीय स्तर पर कोई सुनवाई न होने के डर से व्यापारी की पत्नी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है और शासन से गुहार लगाई है कि इस दबंग से उसका लिखित हिसाब करवाया जाए,ताकि पता तो चले कि रकम पांच गुना कैसे हो गई।

# ग्राम विकास अधिकारी पर जांच में 15 लाख रुपए हेराफेरी का आरोप

**● जांच में आरोप के बाद भी आगे की कार्यवाही औपचारिकता तक सीमित, एक बड़े नेता को फर्जी तरीके से बदनाम कर बचने का लगातार ड्रामा कर रहा ग्राम विकास अधिकारी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायत के विकास कार्य में 15 लाख 41 हजार रुपए से अधिक की रकम गलत तरीके से निकाल लिए जाने के मामले में जांच के दौरान दोषी पाने पर ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी को जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय ने कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था लेकिन नोटिस का जवाब ग्राम विकास अधिकारी ने नहीं दिया जिस पर फिर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय ने नोटिस जारी कर दुबारा तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है लेकिन दोबारा भी 3 दिन बीत जाने के बाद ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी ने जवाब नहीं दिया है आखिर बार-बार जवाब मांगना और फिर जवाब ना देना अनुशासनहीनता के मामले में भी ग्राम विकास अधिकारी को अभी तक निलंबित नहीं किया गया है जिससे जिला पंचायत राज अधिकारी की भी भूमिका सवालों के घेरे में खड़ी हो गई है 15 लाख 41 हजार रुपए से अधिक की रकम गलत तरीके से फर्म को ट्रांसफर कर दिए जाने के मामले की जांच के दौरान अधिकारियों ने आरोप की पुष्टि तो कर दी लेकिन गलत तरीके से फर्म को ट्रांसफर की गई रकम की अभी तक वसूली नहीं हुई है ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी पर मुकदमा दर्ज करा करके इसकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है सरकारी खजाने में हेरा फेरी करने वाले भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम विकास अधिकारी को जेल नहीं भेजा गया है अभी तक इसे बर्खास्त नहीं किया गया है बताया जाता है कि बिगत कई वर्षों से ग्राम विकास अधिकारी लगातार भ्रष्टाचार में संलिप्त है और बार-बार बड़े नेताओ का नाम लेकर अधिकारियों पर रौब गांठता है जबकि यह बड़े नेता इसकी सिफारिश नहीं कर रहे हैं लेकिन रसूख वाले बड़े नेता का नाम आते ही अधिकारी भयभीत हो जाते हैं और इस ग्राम विकास अधिकारी के भ्रष्टाचार पर इसे दंडित नहीं कर पाते हैं जांच अधूरी लटक जाती है या फिर जांच की दिशा मोड़ करके गलत तरीके से जांच का निस्तारण कर दिया जाता है जिससे यह मनमानी पर उतारू है सवाल उठता है कि कौशांबी में कब तक भ्रष्टाचार के जड़ की दलदल में ग्राम विकास अधिकारी शामिल होकर सरकारी खजाने को चपत लगाते रहेंगे ग्राम विकास अधिकारी के इस कारनामे में ग्राम प्रधान भी पूरे हिस्सेदार हैं लेकिन ग्राम प्रधान के कारनामे पर भी उन्हें दंडित नहीं किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 24 सितंबर 2024 को पत्रक संख्या 1948 जारी करते हुए सतीश चौधरी ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड सिराथू को निर्देशित किया गया कि वह पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के अंदर कार्यालय में अपना जवाब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कार्यालय को जवाब नहीं मिला है इसके पहले भी ग्राम विकास अधिकारी को पत्र भेज कर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा गया था लेकिन उस बार भी विभाग को जवाब नहीं मिला ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी पर ग्राम पंचायत मलाक भायल में एक ही तिथि को 3 लाख 24 हजार पीएफएमएस प्रणाली प्रभावी होने के उपरांत भी गलत तरीके से निकासी का आरोप है इसी तरह ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी पर 12 लाख 17 हजार 679 रुपया कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में गलत तरीके से निकासी का आरोप है पीएफएमएस प्रणाली 1 अगस्त 2021 से प्रभावी होने के उपरांत भी फर्म को नियम विरुद्ध तरीके से धनराशि उपलब्ध कराने के संबंध में साक्ष्य सहित लिखित स्पष्टीकरण 3 दिन में मांगा गया था लेकिन जवाब नहीं दिया गया है दोबारा भी जवाब मांगे जाने के बाद भी जवाब न मिलने के बाद मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने का प्रयास नहीं हुआ है 15 लाख 41 हजार से अधिक रकम की रिकवरी का आदेश जारी किए जाने और ग्राम विकास अधिकारी को जेल भेजे जाने की कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई है जिससे जिले में सरकारी खजाना सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रहा है मॉनिटरिंग करने वाले जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी भी खजाना लूटने वाले ग्राम विकास अधिकारी को बचाने की कवायत में ज्यादा दिखाई पड़ रहे हैं।

# एक करोड़ की स्टांप चोरी 10 करोड़ की संपत्ति का एक करोड़ दिखाया बैनामा

अखंड भारत संदेश

**बड़े पैमाने पर स्टांप चोरी के इस प्रकरण में यदि निष्पक्ष तरीके से जांच हुई तो जमीन खरीद करने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ना तय**

**कौशाम्बी।** मूरतगंज क्षेत्र में जमीन की बिक्री में सरकारी मालियत की वास्तविक कीमत छुपाते हुए व्यावसायिक जमीन को कृषि योग्य भूमि दिखाते हुए कम मूल्य दिखाकर एक करोड़ का स्टांप चोरी किए जाने के मामले की शिकायत जिला अधिकारी से की है अपर जिलाधिकारी ने जमीन मालियत का रेट निर्धारित किया है लेकिन उसका भी पालन नहीं हुआ है इस प्रकरण में उप निबंधक स्टांप चायल की भूमिका पर भी सवाल खड़े हैं कि उन्होंने सब कुछ जानते हुए कम कीमत के स्टांप दाखिल करने के बाद जमीन का बैनामा कैसे पंजीकृत कर दिया है जानकारी के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में मां गायत्री देवी जूनियर हाई स्कूल की जमीन को नितेश दिनेश मिथिलेश शकुंतला देवी निवासी कशिया पूर्व आदि कई लोगों ने विक्रय कर बड़ी कीमत वसूली है लेकिन इस जमीन की बिक्री में बड़े पैमाने पर जमीन खरीद दारो ने स्टांप चोरी की है बताया जाता है कि इस जमीन की बाजारू कीमत 10 करोड़ से अधिक है अपर जिला अधिकारी के यहां से जमीन की निर्धारित कीमत मालियत भी काफी अधिक है लेकिन बिक्री के समय जमीन की कीमत कम दिखाते हुए कृषि योग्य भूमि बताते हुए लगभग एक करोड़ की कीमत पंजीकृत बैनामा में खरीददारी द्वारा दिखाई गई है जिससे जमीन बिक्री के समय जमीन खरीदने वाले लोगों ने सरकार को एक करोड़ पर स्टांप चोरी कर बड़ा चूना लगाया है मामले की शिकायत कमलेश कुमार ने जिला अधिकारी को पत्र देकर स्टांप चोरी के प्रकरण की जांच कर स्टांप चोरी करने वाले लोगों पर जुमार्ना लगाते हुए स्टांप चोरी का शुल्क वसूली कराए जाने की मांग की है जिले में बड़े पैमाने पर स्टांप चोरी के इस प्रकरण में यदि निष्पक्ष तरीके से जांच हुई तो जमीन खरीद करने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ना तय है लेकिन सवाल खड़े हैं कि स्टांप चोरी के इस बड़े प्रकरण पर क्या निष्पक्ष तरीके से जांच अधिकारी द्वारा जांच कर दोषियों को दंडित कर जुमार्ना की रकम वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराई जाएगी या फिर व्यवस्था के तहत सब कुछ चलता रहेगा।

## सम्पादकीय

### मध्य पूर्व एशिया में एक बड़े युद्ध के बादल फिर गहराने लगे

**मध्य** पूर्व एशिया में एक बड़े युद्ध के बादल फिर गहराने लगे हैं जब ईरान ने इजरायल पर बहुत बड़ा हमला बोल दिया है। बताया गया है कि ईरान ने आधे घंटे के भीतर एक के बाद एक करीब 200 बैलेस्टिक मिसाइलें इजरायल पर बरसाईं। हमलावर देश का यह दावा है कि 90 फीसदी मिसाइलें निशानों पर सटीक गिरी हैं। अप्रैल में ईरान द्वारा इजरायल पर किये गये हमले की तरह यह भी एक बड़ा आक्रमण बताया जाता है। इजरायल ने जल्दी ही इसका बदला लेने की धमकी देते हुए कहा है कि वह ईरान का हाल गजा की तरह कर देगा। उसने इसे ईरान की एक बड़ी गलती बतलाते हुए कहा है कि उसकी सेना बड़ा जवाब देने के लिये तैयार है। इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि 'ईरान ने कोई सबक नहीं सीखा है। वह भूल गया है कि जो इजरायल पर हमला करता है उसे भारी कीमत चुकानी पड़ती है।'

उधर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने प्रशासन की एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। बाइडेन की नेतन्याहू से बात होगी। हालांकि ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह दखलंदाजी न करे। युद्ध और माहौल की उग्रता को देखते हुए प्रतीत हो रहा है कि पूरे इलाके की शांति के लिये बड़ा खतरा सामने है। विश्व बिरादरी को इस क्षेत्र में शांति बहाली के लिये तत्काल कदम उठाने होंगे वरना युद्ध बड़ा रूप ले सकता है। ईरान ऐसे वक्त में लड़ाई में कूदा है जब इजरायल पहले से ही लेबनान के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। अन्य पड़ोसी मुल्क खासकर, मिस्त्र, इराक आदि लड़ाई में उतर आते हैं तो स्थिति विकट हो जायेगी। अब तक इन मिसाइलों से बड़ी हानि की सूचना नहीं है पर बताया जाता है कि इससे वेस्ट बैंक में एक फिलीस्तीनी की मौत हो गयी है। सम्भवतः ईरान के हमले का आशय चेतावनी देना मात्र हो सकता है। अन्य देशों की आलोचना से बचने के लिये उसने नागरिकों पर ये हमले नहीं किये होंगे। फिर भी कहा नहीं जा सकता कि वहां नागरिक कितने सुरक्षित हैं। हो सकता है कि ईरान के अगले निशाने इजरायल के रिहायशी क्षेत्र हों या यह भी हो सकता है कि अभी नुकसान की जानकारी सामने न आई हो।

ईरान की इस्लामिक रिव्यॉल्यूशनरी गार्ड ऑफ कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ये हमले हमास के चीफ इस्माइल हानिया, हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और आईआरजीसी के कमांडर अब्बास निलफोरोशान की मौत का बदला लेने के लिये किये गये हैं। उसके अनुसार इजरायल के तीन सैन्य ठिकानों पर भी हमले किये गये हैं। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। याद हो कि इसी साल अप्रैल में ईरान ने इजरायल पर एक बड़ा हमला किया था। उसके बाद जिसे शांति समझा जा रहा था दरअसल वह ईरान द्वारा इस हमले की तैयारी का दौर था। पिछले कुछ समय के अंतराल के बाद इजरायल मौजूदा दौर में अपने पड़ोसी मुल्कों से इतने बड़े हमले झेल रहा है और वह रक्षात्मक मोड में दिखाई दे रहा है। गजा में उसके द्वारा किये गये भीषण हमलों में जो तबाही हुई थी ।

# शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

**प्रह्लाद सबनानी**

**भारत** ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं।

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। ह्लएशिया पावर इंडेक्स 2024ह्व नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है।

उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर ह्लक्वाडह्व के सदस्य देश हैं - अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की



मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है। दक्षिण एशिया के देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है इसलिए भारत का पूरा ध्यान इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम कर अपने प्रभाव को बढ़ाना है। इसी मुख्य कारण से शायद भारत दक्षिण एशिया के देशों पर अधिक ध्यान देता दिखाई दे रहा है। जिसका आशय उक्त प्रतिवेदन में यह लिया गया है कि विश्व के अन्य देशों को सहायता करने की भारत की क्षमता तो अधिक है परंतु अभी उसका उपयोग भारत नहीं कर पा रहा है। हिंद महासागर पर भारत का ध्यान अधिक है और क्वाड के सदस्य देश मिलकर भारत की इस दृष्टि से सहायता भी कर रहे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के अलावा विश्व के अन्य देशों की मदद करने के संदर्भ में भारत ने हालांकि अभी हाल ही के समय में बढ़त तो बनाई है परंतु अभी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में आगे बढ़ने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। उक्त प्रतिवेदन में भारत को एशिया को तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बताया गया है परंतु वस्तुतः भारत अब एशिया का ही नहीं बल्कि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बन गया है क्योंकि इस सूची में एशिया के बाहर से अमेरिका को भी एशिया में पहिले स्थान पर बताया गया है। एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक का आंक

लन है कि भारत यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो इस शताब्दी के अंत तक भारत, चीन एवं अमेरिका को भी पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक शक्तिशाली देश बन जाएगा।

# शिक्षक दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता करें

**- ललित गर्ग-**

**विश्व शिक्षक दिवस** 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की, उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है, जिसमें अध्यापकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे। अतः इसे 1994 के बाद से प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है और इस प्रकार वर्ष 2024 में यह 30वाँ विश्व शिक्षक दिवस होगा। 2024 में इस दिवस की थीम है ह्यशिक्षकों को सशक्त बनाना, लचीलापन मजबूत करना, स्थिरता का निर्माण करनाह्ण यह थीम इस बात पर जोर देती है कि शिक्षकों को सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण जागरूकता विकसित करने में छात्रों का समर्थन करने के लिए आवश्यक संसाधन और जानकारी देना कितना महत्वपूर्ण है। शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को कांटों पर भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण एवं शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए तमाम सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के सशक्त माध्यम शिक्षक ही है और शिक्षकों को वह सम्मान मिलना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। विभिन्न देशों में शिक्षक दिवस अलग-अलग तारीखों को मनाया जाता है। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, चिन्तक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में प्राचीन काल में शिक्षा का उद्देश्य ह्यसा विद्या या विमुक्तयेह्ण रहा अर्थात विद्या वही है, जो मुक्ति दिलाए। आज शिक्षा का उद्देश्य ह्यसा विद्या या नियुक्तयेह्ण हो गया है अर्थात विद्या वही जो नियुक्ति दिलाए। इस दृष्टि से शिक्षा के बदलते अर्थ ने समाज की मानसिकता को बदल दिया है। यही कारण है कि आज समाज में लोग केवल शिक्षित होना चाहते हैं, सुशिक्षित नहीं बनना चाहते। वे चाहते हैं कि ज्ञान का सीधा संबंध उनके अथोर्पार्जन से ही है। जिस ज्ञान से अधिक से अधिक धन और उच्च पद को ग्रहण किया जाए वही शिक्षा कारगर है। पर चिंता का विषय है कि भारत के शिक्षक ही आज इसकी उपेक्षा कर रहे हैं। ऐसा लगता है, मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। अब शिक्षक के लिये शिक्षा एक मिशन न होकर व्यवसाय हो गयी है। इन स्थितियों से शिक्षकों को बाहर निकलने में नई शिक्षा नीति से बहुत अपेक्षाएं है।

विश्व शिक्षक दिवस उन समर्पित शिक्षकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है जो अगली पीढ़ी के दिमाग को आकार देते हैं और ज्ञान देते हैं। यह विश्वव्यापी उत्सव शिक्षकों को उनके अमूल्य प्रयासों और भावी पीढ़ियों को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित करता है। इस दिन, हम रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करके बच्चों के दिमाग और भविष्य को विकसित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हैं। यह उन कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित करता है जिनका वे सामना करते हैं और अपनी विशेषज्ञता को साझा करने और खुद को विकसित करने के लिए जो प्रतिबद्धता दिखाते हैं। अपनी प्रतिबद्धता और जुनून के माध्यम से, शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि मूल्यों को भी स्थापित करते हैं, जिससे पूरे समाज पर एक स्थायी प्रभाव पड़ता है।

आज की शिक्षा मिशन न होकर, व्यवसाय बन गयी है। तमाम शिक्षक एवं शिक्षालय अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु-शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं छात्रों द्वारा शिक्षकों के साथ दुव्यर्वहार, मारपीट एवं अनुशासनहीनता की खबरें सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर हमारी संस्कृति की इस अमूल्य गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे है। विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों का ही दायित्व है कि वे इस महान परंपरा को बेहतर ढंग से समझें और एक अच्छे समाज के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें। विश्व शिक्षक दिवस एक अवसर है जब हम धुंधली होती शिक्षक की आदर्श परम्परा एवं शिक्षा को परिष्कृत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों का निर्माण करने की दिशा में नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत ठोस कार्य करें। ह्यगुरुह्ण का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है। समाज में भी उनका अपना एक विशिष्ट स्थान होता है।

वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं। महात्मा गांधी के अनुसार सर्वांगीण विकास का तात्पर्य है- आत्मा, मस्तिष्क, वाणी और कर्म-इन सबके विकास में संतुलन बना रहे। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन करने का प्रयत्न करते रहते थे। शिक्षकों पर इस दुनिया में सबसे प्रेरक काम और एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक ज्ञान का भंडार हैं जो अपने शिष्यों को अपना ज्ञान देने में विश्वास करते हैं जिससे उनके शिष्य भविष्य में दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता कर सकेंगे। इससे ऐसी पीढ़ी निर्मित होगी जो उज्ज्वल और बुद्धिमान हो तथा वह जो दुनिया को उसी तरीके से समझे जैसी यह है और जो भावनाओं से नहीं बल्कि तर्क और तथ्यों से प्रेरित हो।

आदर्श अध्यापक के कर्तव्य है कि उनके व्यवहार में नम्रता एवं विनम्रता का भाव हो, उनमें सहजता गंभीरता एवं विद्वता झलकता हो ,उनकी वाणी ऐसी हो कि बच्चे के मन को जीत ले। वैसे तो शिक्षक का पद अत्यंत गरिमा पूर्ण होता है, क्योकिं ह्यह्यजिस प्रकार खेती के लिए बीज, खाद एवं उपकरण के रहते हुए, अगर किसान नहीं हैं, तो सब बेकार है। उसी प्रकार विद्यालय के भवन, शिक्षण सामग्री एवं छात्रों के होते हुए, शिक्षक नहीं हैं तो सब बेकार हैह्यह्य एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही हर शिक्षक अपने विद्यार्थी के व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान करते हैं। हर पल उनकी शिक्षाएं प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में जीवंत रहती हैं। महान्‌ दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में - ह्यव्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता हैह्ण हमने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है, जो विश्व परिप्रेक्ष्य में उपयोगी है।

विश्व शिक्षक दिवस का उद्देश्य मानवता को बढ़ावा देने, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने और भविष्य के नेताओं को तैयार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना है।

यह शिक्षकों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर विचार करने और दुनिया भर में शिक्षकों के लिए अधिक धन, तैयारी और सम्मान के लिए दबाव बनाने का अवसर है। आज शिक्षक एवं शिक्षा का महत्व ज्यादा है। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर आज उल्टा हो रहा है।

स्कूलों की संख्या बढ़ने के साथ जेलों के स्थान छोटे पड़ रहे हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में वर्तमान शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है।

# भ्रष्टाचारियों की ढाल बनी केंद्र और राज्यों की सरकारें

**योगेंद्र योगी**

**केंद्र सरकार** के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं।

वादे हैं वादों क्या, भ्रष्टाचार को लेकर कुछ ऐसी ही हालत भारत की है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। भाजपा गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को निशाने पर रखा था। सत्ता पक्ष और विपक्ष के भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे पर जबरदस्त प्रहार के बावजूद यह मुद्दा सुरसा के मुंह की तरह लगातार फैलता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार की इस गंगोत्री से कोई अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार का जड़ से खात्मा करना तो दूर बल्कि सत्तातंत्र भ्रष्टाचारियों की ढाल बन कर खड़ा है। इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। देश को खोखला करने वाले इस धीमे जहर को संरक्षण देने में केंद्र और राज्यों की सरकारें पीछे नहीं हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। सीबीआई के कामकाज पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों में अभियोजन स्वीकृति के 41 मामले शामिल हैं जिनमें 149 अधिकारी भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं।

इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अभियोजन स्वीकृति के सबसे ज्यादा 75 मामले लंबित हैं जिनमें 197 भ्रष्ट अफसर-कार्मिक फंसे हैं। इनमें वित्तीय सेवा विभाग के 53 मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति लंबित है। वित्त मंत्रालय के बाद रक्षा, रेल, शिक्षा तथा



कार्मिक मंत्रालयों में लंबित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामलों में सैकड़ों अफसरों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। राज्यों/केंद्रशासित राज्यों में कुल 41 भ्रष्टाचार के मामलों 149 अधिकारी आरोपित हैं। इनमें महाराष्ट्र में 3 मामलों में 41 अधिकारी, उत्तर प्रदेश में 10 मामलों में 31, प.बंगाल में 4 मामलों 25, केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर में 4 में 19, पंजाब में 4 में 6, मध्यप्रदेश में 1 भ्रष्टाचार के प्रकरण में एक अधिकारी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक नियमों के अनुसार सीबीआइ से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अधिकतम तीन माह में अभियोजन स्वीकृति देने का प्रयास किया जाना चाहिए लेकिन लंबित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले तीन माह की अवधि से अधिक पुराने हैं।

सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू-बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू-बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है। सीवीसी ने कहा है कि कुछ संगठन आयोग की सलाह पर अमल करने और आरोपी अधिकारी को चार्जशीट जारी करने में देरी करते हैं। इससे कई मामलों में दोषी अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है और समय सीमा चूकने के कारण कोई भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। गौरतलब है कि सरकारी विभागों में विषबेल की तरह बढ़ते भ्रष्टाचार पर भारत विश्व में कलंकित हो रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 वीं थी। अर्थात भारत में भ्रष्टाचार की रफ्तार थमी नहीं है। इसमें तेजी आई है। इस सूचकांक में भारत आठ पायदान आगे बढ़ गया। वर्ष २०२३ की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) अपने अपने कर्ज के बोझ तले दबे हैं और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि दोनों देशों में मजबूत न्यायिक निगरानी है, जो सरकार को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन (76) ने पिछले दशक में भ्रष्टाचार के लिए 37 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से सुर्खियां बटोरीं।

भ्रष्टाचार से देश एक भी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अछूता नहीं है। केंद्र हो या राज्यों में चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकारें हों, किन्तु एक भी सत्तारुढ़ दल यह दावा नहीं कर सकता की कोई भी एक विभाग पूर्णतः भ्रष्टाचार से मुक्त हो सका है। देश की तरक्की मे बाधक बना यह मुद्दा सिर्फ शोर-शराबे तक ज्यादा सीमित है। जमीनी स्तर पर कोई भी राजनीतिक दल इसके जड़ सहित खात्मे की दिशा को लेकर गंभीर नहीं है।

ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार के मामलों सिर्फ नौकरशाह ही शामिल हैं। राजनेता भी इसमें पीछे नहीं हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो दोनों के गठजोड़ के कारण ही भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्र और राज्यों की सरकारें विकास और पारदर्शिता के चाहे जितने दावे कर लें, जब तक भ्रष्टाचार मौजूद है तब तक देश इस मुद्दे पर शर्मसार होता रहेगा।

## चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन व सुश्री दीप्ति त्रिपाठी यात्रीकर/मालकर अधिकारी ने बस/ट्रक/आटो/ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों वयूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया। यातायात के नियमों की जानकारी देते हुये उनके पालन को प्रेरित किया। सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेट बांटे।

# धनुष यज्ञ देख भाव-विभोर हुए दर्शक

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ में श्री अनुष्ठानी रामलीला कमेटी के तत्वाधान में श्री हनुमत आदर्श रामलीला मंडल अयोध्या ने धनुष यज्ञ का मंचन किया। भगवान राम-भाई लक्ष्मण ने संध्या वंदन किया। जनकपुर में आयोजित सीता स्वयंवर का सजीव मंचन हुआ।

शुक्रवार को सीता स्वयंवर पर जनक ने शिव धनुष तोड़ने की शर्त सुनकर देश-विदेश से आये राजा-महाराजाओं ने शिव धनुष तोड़ने का संपूर्ण प्रयास किया। शिव धनुष को कोई राजा हिला तक नहीं पाया। इससे राजा जनक बहुत दुखी हुए। राजा जनक ने भरी सभा में कहा कि धरती वीरों से विहीन हो गई


रामलीला का मंचन करते कलाकार।

है। ये सुनकर लक्ष्मण राजा जनक पर कुपित हो गए। लक्ष्मण ने कुपित होकर राजा जनक से कहा कि आप को ये नहीं ज्ञात है कि आपकी सभा में सूर्यवंशी, रघुवंशी श्रीराम बैठे हैं। ऐसा कहकर हमारे सूर्यवंश का अपमान कर रहे हैं। कहा कि महाराज जनक प्रभु श्रीराम के लिए ये धनुष तोड़ना कौन सा मुश्किल काम है। अंत में प्रभु श्रीराम के समझाने पर लक्ष्मण शांत हुए। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर झट से तोड़ दिया। देवलोक से देवताओं ने पुष्पवर्षा की। माता सीता ने प्रभु श्रीराम जी के गले में वर माला पहनाई। लोगों ने सीताराम के देर तक जयकारे लगाए।

श्री अनुष्ठानी रामलीला कमेटी अध्यक्ष सूर्यप्रकाश शुक्ल उर्फ कैरा महाराज ने कहा कि जिस तरह भगवान श्रीराम ने अपना जीवन बड़े ही सादगी व मर्यादा से निभाया था। उसी प्रकार हमें भी अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। राम का किरदार अनुज कुमार शुक्ला, लखनलाल की भूमिका अनुज कुमार शुक्ला, सीता कृष्णा तिवारी, व्यास रमाकांत शुक्ला, तबला रज्जू शुक्ला, रावण जयप्रकाश तिवारी, बाणासुर रोहिणी पांडे, विश्वामित्र गर्ग जी, जनक सुरेश, नृत्यक पिंकी रानी, चांदनी रानी बनारस, नीनू रानी रींवा, काजल रानी बनारस आदि के कला कौशल को दर्शकों ने खूब सराहा।

# एसपी ने परेड का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को एसपी ने परेड निरीक्षण दौरान अधिकारी/कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। परेड ग्राउंड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार को प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देश दिये। परेड ग्राउंड में आर्मोरर अश्वनी भारद्वाज ने शस्त्रों को खोलने-जोड़ने व हैंडलिंग की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा जाकर थानो से आयी चारपहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों व परिवहन शाखा मे रखे वाहनों का निरीक्षण कर


निरीक्षण करते एसपी।

प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के निर्देश दिये। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली। गार्द से स्टैंड-2 की कार्यवाही करवाई। पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर सीओ लाइन यामीन अहमद, सीओ प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण सिंह व अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम-सीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने चैपाल बाद चकौर गांव की शासकीय गौशाला का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को डीएम ने ने भूसा स्टाक, गौवंशों की संख्या, पेयजल, शेड, चरही, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया। सचिव व पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि गौशाला में 150 गौवंश हैं। भूसा की पर्याप्त व्यवस्था है। डीएम ने प्रधान-सचिव को निर्देश दिये कि गौवंशों को खिलाने को हरा चारा दें। पेयजल की समुचित व्यवस्था


गौशाला का निरीक्षण करते डीएम-सीडीओ।

रहे। साफ-सफाई अच्छे ढंग से कराई जाये। गौवंशों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, पशु चिकित्साधिकारी मऊ, सचिव दुर्गेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पेंशन योजना का पात्रों को दिलायें लाभः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मऊ ब्लाक के चकौर गांव में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय कलारन पुरवा में जन चैपाल लगाई।

शुक्रवार को डीएम ने ग्रामीणों से कहा कि गांव में जन चैपाल में आई समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जायेगा। अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागों के कार्यों को मौके पर जाकर देखें। एसडीएम मऊ से कहा कि राजस्व के मामलों को मौके पर जाकर निस्तारित करें। टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण है। बच्चों का टीकाकरण अवश्य करायें। आरबीएसके की टीम लगी है, आज ही टीकाकरण करायें। पेंशन योजनाओं पर कहा कि गांव के कुछ मजरे छूटे हैं, जिला समाज कल्याण अधिकारी सर्वे कराकर पेंशन योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ दिलायें। अन्य विभागीय अधिकारियों से कहा कि जो विभागीय योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है, उसमें अगर उनको नहीं मिल रहा है तो डीबीटी कराकर देख ले। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा

### गांव की समस्या गांव में समाधान बाबत हुई जनचौपाल

कि बच्चों का पैसा जो अभिभावकों के खाते में ड्रेस, मोजा, जूता आदि का दिया है, उसको चेक करें। सीडीओ अमृतपाल कौर ने ग्रामीणों से कहा कि स्वास्थ्य विभाग में निःशुल्क एंबुलेंस की व्यवस्था है। इसके अलावा फ्री में दवाई भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। नजदीकी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर इलाज करायें। बच्चों को पढ़ायें लिखायें। विद्यालयों में किताब, कपड़ा, मोजा, जूता, खाना निःशुल्क मिल रहा है। त्यौहार व शादियों पर बच्चों को छुट्टियों में न भेजें। शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से कहा कि पोषण आंगनबाड़ी केंद्रों से दिया जा रहा है। आप लोग टीकाकरण आशा से टेस्ट कराकर अवश्य करायें। घर में किसी भी हालत में प्रसव न करायें।

जन चैपाल में एसडीएम मऊ सौरभ यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, उप निदेशक कृषि राजकुमार, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत चंद्रभूषण यादव, प्रधान श्रीमती सविता देवी, सचिव दुर्गेश पांडे समेत संबंधित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या


मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शराब पीने को लेकर पति-पत्नी में कहा-सुनी हो गई। इससे नाराज पति अवधेश प्रजापति ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सवेरे पत्नी ने पति का शव फंदे से लटका देखी तो उसके होश उड़ गए और वह चिल्लाने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ये मामला रैपुर थाना क्षेत्र के लोधौरा बरेठी गांव का है। बताया गया कि अवधेश गुरुवार की शाम शराब पीकर घर आया था। पत्नी ने विरोध किया और शराब पीने से मना किया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। रात 11 बजे जब घर के सभी सदस्य सो गए, तब अवधेश अपने दूसरे घर गया। गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। शुक्रवार सवेरे पत्नी दूसरे घर पहुंची तो उसने अवधेश को फांसी पर लटका देखा। परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने घटना की जानकारी रैपुरा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर जिला मुख्यालय भेजा।

# प्रदेश अध्यक्ष ने कोल समुदाय से भेंटकर दिलाई पार्टी की समस्या भाजपा कार्यालय का किया भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिह चैधरी ने जिले में निर्माण होने जा रहे पार्टी कार्यालय का भूमि पूजन किया। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ।

शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख रामनारायण त्रिपाठी ने टीम के साथ मंत्रोचारण कर कार्यालय निर्माण को भूमि पूजन कराया। भूमि पूजन बाद प्रदेश अध्यक्ष ने मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि संगठन को सही ढंग से चलाने को कार्यालय की भूमिका होती है। जिले में कुछ महीनों मे कार्यालय बन कर तैयार हो जायेगा। कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओ वाली पार्टी है। पूरे देश मे पार्टी का मजबूत


भूमि पूजन करते भाजपाई।

संगठन है। संगठन की ताकत से कई प्रदेशों में भाजपा की सरकारे हैं। केन्द्र मे मोदी व प्रदेश में योगी की अगुवाई में संगठन लगातार सरकार बन रही है। सदस्यता अभियान पर कहा कि दूसरा चरण एक अक्टूबर से प्रारम्भ हो चुका है। जिस हम सभी लोग कैम्प लगाकर समूहिक सदस्यता अभियान चलाने का काम करेंगे। विपक्षियों पर कहा कि जो लोगो चुनाव दौरार संविधान के खतरे की बात करते थे। भाजपा पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाते थे। उनमे से सपा-कांग्रेस एक ही परिवार की पार्टी है। उनका न तो कोई सिद्धात है न कोई सविधान। मानिकपुर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ने कोल समुदाय के लोगो से भेंट वार्ताकर पार्टी की सदस्यता दिलाने का काम किया। धारकुंण्डी आश्रम मे सन्तों का आशीर्वाद लिया। जिला अध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने मौजूद अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ का आभार जताया। संचालन पूर्व महामंत्री तीरथ तिवारी ने किया। इस मौके पर रामप्रकाश द्विवेदी, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, सुशील द्विवेदी, चेयरमैन मानिकपुर अमित द्विवेदी, अर्जुन शुक्ला, शिवशंकर सिंह, आनन्द पटेल, बृजेश पांडे, अश्वनी अवस्थी, हरिओम करवरिया, राजेश जयसवाल, महेन्द्र कोटार्य, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रेमलाल बाल्मीकि, राजेश्वरी द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# बड़े भाई को मौत के घाट उतारने वाले भाई को उम्रकैद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाभी-भतीजे के सामने बड़े भाई को गोली मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 15 हजार रुपये के जुर्माना से भी दंडित किया है।

शुक्रवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि आठ मार्च 2021 को देवराज गुप्ता शंकर बाजार कर्वी ने दी तहरीर में बताया कि छोटा बेटा अजय कुमार शराब पीकर आठ मार्च 2021 को देर रात दस बजे घर आया। बड़े बेटे सुशील कुमार उर्फ बबलू से गाड़ी की चाबी मांगी। सुशील ने चाभी देने से मना करने पर अजय ने सुशील को तमंचे से गोली मारकर फरार हो गया। गोली लगने के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लाये। डॉक्टरों ने सुशील को मृत

### जिला सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सुनाया फैसला

घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सारिका गुप्ता ने बताया कि उसके देवर ने पति सुशील से पांच रुपये व कार की चाबी मांगी थी। इस पर पति ने रुपये व गाड़ी की चाभी देने से इंकार कर दिया। देवर, पति व ससुर के बीच नोंकझोंक हुई। गुस्साये देवर अजय गुप्ता ने पति को तमंचे से गोली मार दी। घटना के बाद घर की कुंडी बाहर से बंदकर भाग गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद जिला सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बड़े भाई की हत्या का दोषसिद्ध होने पर हत्यारोपी अजय गुप्ता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार रुपये के जुर्माना से भी दंडित किया।

# हर विद्यालय में हो इको क्लब का गठनः वीके शर्मा

## पीएम श्री कंपोजिट स्कूल कछार पुरवा मे हुआ इको क्लब का गठन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी वीके शर्मा के निर्देश पर जिले के विद्यालयों मे इको क्लब का गठन हुआ। ये लाइफ मिशन के तहत कार्य करेगा।

शुक्रवार को पीएम श्री कंपोजिट स्कूल कछार पुरवा में इको क्लब का गठन हुआ। विद्यालय के सभी शिक्षक व दो सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। नोडल शिक्षक विद्या सागर सिंह ने बच्चों को बताया कि मिशन लाइफ के तहत स्कूलों के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण को विभिन्न


बच्चों को जागरूक करते शिक्षक।

गतिविधियों में भाग लेने को प्रेरित किया। पर्यावरण संरक्षण में सहायता, किचेन गार्डन बनाना, सब्जियां उगाना आदि विभिन्न खेल शामिल हैं। जो पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हैं। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया।

ऊषा रानी त्रिपाठी ने कहा कि सभी बच्चे पर्यावरण को स्वच्छ रखें। एक-एक पेड़ जरूर लगायें। अपने आसपास के लोगो को पर्यावरण की हरियाली के बारे बतायें।

इसी क्रम में मोनिका देवी कक्षा सात को कैप्टन निर्वाचित किया। प्रत्येक कक्षा से एक बालक व एक बालिका को समन्वयक तथा सह समन्वयक निर्वाचित किया गया। पूरी टीम पर्यावरण स्वच्छता के बारे जागरूक करेगी। कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी अतुलदत्त तिवारी, डीसी प्रशिक्षण पुष्पेंद्र सिंह, डीसीएमडीएम ज्ञानेंद्र मिश्रा, गरिमा सिंह, गीतांजलि, सरला देवी, दीपा देवी, सियाराम, सोनू गौतम, प्रियंका द्विवेदी ने सहयोग किया।

# धनुष यज्ञ की लीला का हुआ मंचन

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** कस्बे में चल रही रामलीला के सातवें दिन तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी ने धनुष यज्ञ की लीला संपन्न कराई।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, तहसीलदार रामसुधार राम व राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री शानू गुप्ता ने ऐतिहासिक रामलीला मंच पर पहुंचकर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम की जय-जयकार करते हुए पूजा-अर्चना की। कमेटी ने स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किये। रामलीला मैदान में पुलिस कड़ी चौकसी के बीच धनुष यज्ञ की लीला में कानपुर, फतेहपुर, बांदा व चित्रकूट के कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। हास्य कलाकार पेटू राजा का अभिनय राधे श्याम ने दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट किया। धनुष यज्ञ में तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद मिश्र, प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, कार्यवाहक अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल, सुनील मिश्रा, सतीश मिश्रा, सुभाषचन्द्र अग्रवाल, शिवपूजन गुप्ता, शंकरदयाल जायसवाल, राधेश्याम सोनी संतोष कुमार गुप्ता मन्नू सोनी मंगल पांडेय अशोक सोनकर अशोक द्विवेदी दीपक जायसवाल अनिल गुप्ता गिरजा शंकर गुप्ता आदि कमेटी के लोगो ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व जगत जननी मां सीता की आरती की। धनुष यज्ञ की लीला में प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, उपनिरीक्षक समेत पुलिस व महिला सिपाही भीड़ को नियंत्रित करते रहे।

# किराये के मकान में रह रहे व्यक्ति की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कालूपुर गांव में 40 वर्षीय व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रंगनाथ सिंह पुत्र लालर सिंह बिसुनी टोटा जमौड़ी सीधी मप्र के रूप में हुई। रंगनाथ सिंह कालूपुर में किराये के मकान में रहकर क्रीम प्रोडक्ट सेल करने का काम करता था। शुक्रवार को सवेरे साढे नौ बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। उनके साथ रह रहे सहयोगी व मकान मालिक ने उन्हें सोनेपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज दौरान रंगनाथ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर दोपहर दो बजे जिला मुख्यालय में पोस्टमार्टम कराया। कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# विपक्षी दल है जातिवादी-परिवारवादी संगठनः भूपेन्द्र

### चुनाव में संविधान बदलने का अफवाह फैलाया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी ने पार्टी कार्यालय को भूमि पूजन किया। इसके बाद उन्होंने विपक्षी दलों पर कहा कि चुनावी समय में विपक्ष ने आरक्षण खत्म करने व संविधान बदलने का झूंठा अफवाह फैलाया। विपक्षी दल जातिवाद व परिवार वादी संगठन हैं। बीजेपी एक सर्वव्यापी संगठन है, जो समाज के हर वर्ग का ध्यान रखता है।

शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी ने कहा कि बीजेपी के संगठन में दलित व महिलाओं के लिए आरक्षण की उचित व्यवस्था है। दादा से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस की कमान


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

संभाल चुके हैं, उन्हें आम लोगों की चिंता नहीं है। सपा में अगला उत्तराधिकारी अखिलेश यादव के बाद कौन होगा, ये सभी जानते हैं। बीजेपी में राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा। ये किसी को नहीं पता, क्योंकि पार्टी का हर कार्यकर्ता इस योग्य है। हाथरस कांड पर पूंछे सवाल में कहा कि जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर जिन लोगों की संलिप्तता साबित होगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# करंट लगने से युवक की मौत

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के मुकुंदपुर गांव में अवधेश (27) पुत्र रामसनेही की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अवधेश खेत से लौटने के बाद कुआ में हाथ-पैर धोने गया था। कुआ के पास लगे खंभे की सपोर्ट तार को छूने पर उसमें दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से वह बेहोश हो गया। परिजन उसे अस्पताल लाये। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। भरतकूप थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की मौत करंट लगने से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## डायरिया का प्रकोपः बालक समेत चार लोग भर्ती, बीते दिन हो चुकी एक मौत

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर ब्लाक के सरहट गांव के इंदिरा कॉलोनी में डायरिया का प्रकोप होने से गांव के दर्जनों लोग उल्टी-दस्त ग्रसित है। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को गांव में ग्रामीणों ने बताया कि निखिल (9), संतरा (60), कुलदीप (17), राधा (52) की हालत ज्यादा बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। वहीं बीते दिनों वर्षा (20) पत्नी भोलू की उल्टी-दस्त से मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि पुरी कॉलोनी में गंदगी का अम्बर है। नालिया पटी पड़ी हैं। चारों तरफ खरपतवार है। बोर के पास गंदगी जमा होने से पानी भी दूषित है। गांव में कभी सफाई कर्मी नहीं आता। डायरिया ने गांव को अपनी चपेट में ले लिया है।

# शिवम मिश्रा लम्बी कूद व शुभम को सौ मीटर दौड में मिला प्रथम स्थान, 26वां बालक-बालिका खेलकूद समारोह सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** खंडेहा गांव के महर्षि बाल्मीकि इंटर कालेज में 26वां बालक-बालिका खेलकूद समारोह हुआ। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

शुक्रवार को राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मइयादीन पटेल व खंडेहा के व्यायाम शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि समारोह में क्षेत्र के बाल विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। सीनियर बालिका कामिनी देवी जूनियर के बालक शिवम मिश्रा, जूनियर इंटर कालेज मऊ व सरोज देवी बालिका इंटर कालेज मऊ तथा जूनियर विद्यालय कलचिहा की बालिका जानवी 100-200 मीटर लम्बी कूद में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र शुभम ने 100 मीटर दौड व 80 मीटर बाधा दौड में


पुरस्कृत करते शिक्षक।

प्रथम स्थान प्राप्त किया। रितु सिंह इंटर कालेज खंडेहा की बालिका प्रीति सिंह ने डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महर्षि बाल्मीकि इंटर कालेज खंडेहा प्रथम व बालिका इंटर कालेज मऊ द्वितीय व राजकीय इंटर कालेज बरगढ तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जय नारायण सर्वोदय विद्यालय कलचिहा प्रथम, पंडित पुरुषोत्तम दास द्विवेदी इंटर कालेज मऊ द्वितीय व महर्षि बाल्मीकि इंटर कालेज तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य राजेश सिंह, रजनीश सिंह, विजय कुमार सोनी, दिनेश भार्गव, जिला विद्यालय निरीक्षक चित्रकूट कार्यालय प्रभारी प्रदीप पांडेय, पूर्व शिक्षक ओंकारनाथ गौतम, शिक्षक अंजनी कुमार गुप्ता, रामकृष्ण सिंह, अवधेश मिश्रा, मानसिंह, भोलानाथ, रामबहोरी केसरवानी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# इजरायल अगर ईरान में हमास चीफ को मार सकता है तो भारत पाकिस्तान में आतंकियों को क्यों नहीं

**तेहरानः इजरायल** पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले के 1 साल पूरे होने जा रहे हैं। हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा को खंडहर बना दिया है। यही नहीं हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया को ईरान की राजधानी तेहरान में भीषण धमाके में उड़ा दिया गया। वहीं अब इजरायल लेबनान पर जोरदार हमले बोल रहा है। इस बीच अमेरिका के चर्चित थिंक टैंक अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधकर्ता माइकल रुबिन ने पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ खुलकर भारत का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इजरायल की तरह से भारत भी आतंकी हमले से बुरी तरह से जूझ रहा है और उसे भी पाकिस्तान में आतंकयिों को मारने का हक होना चाहिए।

माइकल रुबिन ने इजरायल के बाद अगर सबसे ज्यादा लगातार आतंकियों के हमले का सामना कर रहा है तो वह भारत है। इन दोनों ही देशों ही देशों में आतंकी हमले स्वाभाविक नहीं हैं। ईरान यहूदी देश इजरायल में हमले करने वाले आतंकियों को पालता है तो पाकिस्तान भी भारत में आतंकवाद फैलाने में




ठीक यही भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि दशकों से भारत और इजरायल ने आतंकवाद को जीवन की वास्तविकता मान लिया है। पाकिस्तान स्थित आतंकी कश्मीर में घुसपैठ करते हैं और भारतीयों और विदेशियों की हत्या करते हैं।

भारत और इजरायल में एक जैसे हालात

रुबिन ने कहा कि लश्कर ए तैयबा के आतंकियों ने साल 2001 में भारतीय संसद पर हमला किया। इसी पाकिस्तानी आतंकी गुट ने 7 साल बाद मुंबई में हमलों को अंजाम दिया। इन आतंकियों ने कश्मीर को ऐसा इलाका बना दिया जहां भारतीय और विदेशी नहीं जा सकते हैं। इजरायल भी आतंक से जूझ रहा है। सैनिक हमेशा तैयार रहते हैं और बंदूक लेकर चलते हैं। छोटे बच्चों के स्कूलों में बम शेल्टर में जाने की ट्रेनिंग दी जाती है। हर तरफ सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि साल 2006 में इजरायल हिज्बुल्लाह युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया था और मांग की थी कि गैर सरकारी गुटों और मिलर्शिया को हथियार विहिन किया जाए। इसके बाद भी न केवल हिज्बुल्लाह बना हुआ है बल्कि उसके पास हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा जमा हो गया है। हिज्बुल्लाह को ईरान 1 लाख रॉकेट, मिसाइल और किलर ड्रोन मलिे हैं। हमास का 7 अक्टूबर 2023 को हुआ हमला इजरायली आतंकवाद निरोधक अभियान के लिए बहुत बड़ा बदलाव है।

रुबिन ने कहा कि हिज्बुल्लाह के हमलों की वजह से हजारों की तादाद में इजरायली लोगों को अपने घर को छोड़कर दूसरी जगह पर शरण लेनी पड़ी है। इससे साफ सबक मिला है कि आतंकी गुट हथियार जमा कर रहे हैं ताकि उसका इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब भारतीय नीति निमार्ताओं के सामने सवाल है कि अगर इजरायल हमास के चीफ हानिया को तेहरान में सेफ हाउस में मार सकता है तो भारत क्यों नहीं जैश-ए-मोहम्मद या लश्कर के सरगना को आईएसआई के गेस्ट हाउस में इस्लामाबाद में मार सकता है। अमेरिकी विश्लेषक ने कहा कि अगर इजरायल हिज्बुल्लाह के सप्लाई चेन में घुस सकता है तो भारत पाकिस्तानी आतंकियों के साथ ऐसा क्यों नहीं कर सकता है। मुंबई में हमला करने वाले किसी भी आतंकी को जीने नहीं देना चाहिए या किसी भी आतंकी सरगना को खुद को सुरक्षित महसूस कर देना चाहिए। फिर चाहे वे पाकिस्तानी पंजाब में हों या फिर सिंध।

# इजरायली हमले का खौफ, हसन नसरल्लाह को ढंग से कब्र भी नहीं हुई नसीब, गुपचुप दफन किया गया हिजबुल्लाह नेता

**बेरूतः इजरायली** हमले में मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्लाह को ढंग से अंतिम संस्कार भी नसीब नहीं हुआ है। हसन नसरल्लाह को अस्थायी रूप से एक गुप्त स्थान पर दफनाया गया है। हिजबुल्लाह के एक करीबी सूत्र ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उन्हें डर था कि इजरायल अंतिम संस्कार को निशाना बना सकता है। परिस्थितियां ठीक होने पर नसरल्लाह का सार्वजिनिक रूप से अंतिम संस्कार किया जाएगा।

सूत्र ने कहा कि 'हसन नसरल्लाह को तब तक अस्थायी रूप से दफनाया गया गया है, जब तक कि परिस्थितियां सार्वजनिक अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं देतीं।' पिछले सप्ताह एक इजरायली हमले में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत हो गई थी। इजरायल ने हवाई हमले में उन्हें



तब निशाना बनाया था, जब वह दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के भूमिगत मुख्यालय में शीर्ष नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे।

हमास के वरिष्ठ नेता की मौत

पिछले तीन सप्ताह में इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के लगभग सभी शीर्ष नेता मारे जा चुके हैं। इनमें फौद शुकर, इब्राहिम अकील और मोहम्मद अली कराकी जैसे समूह के शीर्ष सैन्य कमांडर शामिल थे, जिन्हें नसरल्लाह का बेहद करीबी माना जाता था। इस इजरायल ने दावा किया है कि गाजा पट्टी में हमास सरकार के प्रमुख रावी मुश्ताहा की मौत तीन महीने पहले एक इजरायली एयर स्ट्राइक में हो चुकी है।

सिनवार का था दाहिना हाथ था मुश्ताहा

मुश्ताहा हमास प्रमुख याह्या सिनवार का दाहिना हाथ माना जाता था। आईडीएफ और शिन बेट प्रवक्ताओं ने यह भी कहा कि मुश्ताहा के साथ-साथ हमास के राजनीतिक ब्यूरो में सुरक्षा पोर्टफोलियो संभालने वाले समेह अल-सिराज और हमास के जनरल सुरक्षा तंत्र का कमांडर समी औदेह भी हमले में मारे गए।

# इजरायल पर फिर करेंगे हमला, अरब के मुस्लिम साथ दें... राइफल के साथ नजर आए ईरानी सुप्रीम लीडर

**तेहरानः ईरान** के सुप्रीम नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शुक्रवार को तेहरान की ग्रैंड मस्जिद पहुंचे। यहां जुटे हजारों लोगों को उन्होंने जुमे की नमाज पढ़ाई। खामेनेई ने करीब पांच साल बाद इस मस्जिद में आकर नमाज पढ़ाई और लोगों को संबोधित किया। खामेनेई ने संबोधन में सबसे ज्यादा जोर दुनिया के मुसलमानों की एकजुटता पर दिया। उन्होंने लेबनान और गाजा के लोगों से एकजुटता दर्शाई और इजरायल पर जमकर निशान साधा। खामेनेई का ये संबोधन ऐसे समय पर हुआ है, जब ईरान और इजरायल में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। खामेनेई के संबोधन की पांच बड़ी बातें-

अपने दुर्लभ सार्वजनिक संबोधन में अयातुल्ला अली खामेनेई राइफल के साथ नजर आए। इस दौरान खामेनेई ने इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमले को कानूनी और सही बताते हुए कहा, कुछ रात पहले हमारे सशस्त्र बलों का ऑपरेशन पूरी तरह से वैध था। उन्होंने कहा कि इजरायल को हमारी सेना ने उचित जवाब दिया और आगे भी हम जवाब देने का हक रखते हैं।

# तालिबान को लेकर रूस ने किया बड़ा फैसला, आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाया नाम

**मॉस्कोः अफगानिस्तान** पर शासन करने वाले तालिबान के लिए रूस से अच्छी खबर है। रूस ने तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने का फैसला किया है। रूसी समाचार एजेंसी ळअरर ने रूस के विदेश मंत्रालय के हवाले से ये जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला उच्चतम स्तर पर लिया गया है। अफगानिस्तान पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष प्रतिनिधि जमीर काबुलोव के हवाले से कहा गया कि इस निर्णय को अमली जामा पहनाने के लिए विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए।

तालिबान से रिश्ते बना रहा रूस

अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के कब्जा करने के बाद से ही रूस धीरे-धीरे उसके साथ संबंध बना रहा है। पुतिन ने इसी साल जुलाई में कहा था कि रूस अफगानिस्तान के तालिबान आंदोलन को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोगी मानता है। हालांकि, रूस में आधिकारिक रूप से अभी भी तालिबान को गैरकानूनी संगठनों की लिस्ट में डाल रखा है।

किसी भी देश ने औपचारिक रूप से तालिबान को देश के वैध नेतृत्व के रूप में मान्यता नहीं दी है। हालांकि, चीन और यूएई ने इसके राजदूतों को स्वीकार कर लिया है। मॉस्को ने साल 2003 में तालिबान को औपचारिक रूप से आतंकवादी संगठन घोषित किया था। इसे हटाना अफगानिस्तान के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण



कदम होगा।

अफगानिस्तान पर मॉस्को में बैठक

शुक्रवार को रूस की राजधानी में अफगानिस्तान को लेकर मॉस्को फॉर्मेट की बैठक चल रही है। इसमें रूस की तरफ से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव हिस्सा ले रहे हैं। भारत भी इस बैठक में शामिल हुआ है। भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव जेपी सिंह कर रहे हैं। जेपी सिंह इसके पहले अफगानिस्तान का दौरा कर-के तालिबान नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।

भारत के प्रोजेक्ट पर तालिबान मेहरबान, अफगानिस्तान में गैस पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू

रूसी विदेश मंत्री की अफगानिस्तान को लेकर अपील

शुक्रवार (4 अक्तूबर) को रूस ने पश्चिम से अफगानिस्तान के खिलाफ प्रतिबंध हटाने की अपील की है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक ने इस बारे में जानकारी दी है।

स्पुतनिक के अनुसार, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका द्वारा सीज की गई संपत्तियों को वापस करने को भी कहा। इसके साथ ही रूस ने अफगानिस्तान में तीसरे देशों के सैन्य बुनियादी ढांचे की तैनाती का विरोध किया।

# बोरिस जॉनसन के बाथरूम में इजरायली पीएम ने छिपाई थी खुफिया डिवाइस!

**लंदनः इजरायली** पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने 2017 में ब्रिटेन में विदेश मंत्री के कार्यालय का दौरा करते समय कथित तौर पर पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के बाथरूम में एक सुनने वाली डिवाइस रख दी थी। ब्रिटिश मीडिया ने जॉनसन की आने वाली किताब 'अनलीश्ड' से मिले कुछ अंश के आधार पर ये दावा किया है। बोरिस जॉनसन की यह किताब 10 अक्टूबर को बाजार में आएगी। इस किताब का एक हिस्सा सामने आया है, जिसमें नेतन्याहू पर जासूसी का स्पष्ट तौर पर शक किया गया है।

इस महीने के अंत में रिलीज होने वाली 'अनलीशेड' का हवाला देते हुए द टेलीग्राफ ने गुरुवार को बताया कि नेतन्याहू 2017 में लंदन की अपनी पहली यात्रा पर थे। उन्होंने इस दौरान जॉनसन के बाथरूम का इस्तेमाल किया था। जॉनसन इस बारे में लिखते हैं, 'वहां कुछ समय के लिए नेतन्याहू बाथरूम गए थे और यह एक संयोग हो सकता है या नहीं भी हो सकता है, लेकिन मुझे बताया गया है कि बाद में यहां थंडरबॉक्स में एक सुनने वाला उपकरण मिला था।

उस वक्त विदेश मंत्री थे जॉनसन

बोरिस जॉनसन की किताब में नेतन्याहू के जिस दौरे की बात हुआ



है, वह उनके विदेश मंत्री रहते हुई थी। जॉनसन ब्रिटेन के विदेश मंत्री थे, ऐसे में उनकी नेतन्याहू से मुलाकात ब्रिटिश फॉरेन ऑफिस में हुई थी। इस दौरान नेतन्याहू ने जॉनसन का निजी बाथरूम इस्तेमाल किया था। अब जॉनसन ने अपनी किताब में लिखा है कि बाद में उनके सुरक्षाकर्मियों ने बाथरूम से एक सुनने वाली डिवाइस बरामद की। जॉनसन ने नेतन्याहू को 'बीबी' उपनाम से बुलाया है।

टेलीग्राफ ने रिपोर्ट में बताया है कि जॉनसन ने जिस प्रकरण का जिक्र किया है, उसके कुछ समय बाद ही 2019 में एक रिपोर्ट में तीन पूर्व अमेरिकी अधिकारियों का हवाले से इजरायल पर व्हाइट हाउस में जासूसी का आरोप लगाया गया था। नेतन्याहू ने तब उस रिपोर्ट का खंडन किया था और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा था कि इस पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। फ्रांसीसी समाचार पत्र ले मोंडे ने भी लीक अमेरिकी खुफिया जानकारी के आधार पर लंदन पर इजरायल की सरकार और विदेश में मिशनों की जासूसी करने का आरोप लगाया था। ऐसे में बोरिस जॉनसन ने इजरायली प्रधानमंत्री पर जासूसी जैसा काम करने का शक किया है ।

# समुद्र से निकाला जाएगा पांचवीं शताब्दी के जहाज का मलबा, एक्सपर्ट ने बताया है बेशकीमती खजाना



**लंदनः पांचवीं** सदी के ग्रीक जहाज के मलबे को समुद्र तल से बरामद किया जाने का काम जल्दी ही शुरू होने जा रहा है। इस मलबे से प्राचीन सोने की खोज की जा रही है। गेला क्क के अवशेष तब से ही दिलचस्पी का विषय रहे हैं, जब से उसे सिसिली के गेला बंदरगाह के पास तलाशा गया है। इस जगह पर अतीत में भी कई अहम कलाकृतियां खोजी गई हैं। जहाज की बरामदगी में करीब 270 दिन लगने की उम्मीद है। इसमें शामिल कंपनियों का इसमें करीब सवा चार लाख पाउंड का खर्च आएगा। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, गेला क्क के अवशेषों को बेशकीमती माना जा रहा है। एक दूसरे जहाज गेला क को भी पहले इसी क्षेत्र में बरामद किया गया था। इसका मतलब है कि गेला क्क सांस्कृतिक और पर्यटन विरासत की सफलता को दोगुना कर देगा। गेला क्क का पहला संरक्षण बोस्को लिटोरियो के एक संग्रहालय में होगा। संग्रहालय अविश्वसनीय बरामद सामग्रियों और कलाकृतियों को संरक्षित करेगा।

1995 में शुरू हुई थी खोज

गेला क्क की पहली खोज के पांच साल बाद 1995 में इसकी शुरूआती जांच शुरू हुई थी। पुरातत्वविदों को कोरिंथियन हेलमेट और ओरिचलकम सिल्लियां जैसी अमूल्य वस्तुएँ मिलीं। ओरिचलकम को धरती की दूसरी सबसे कीमती धातु माना जाता है। प्राचीन काल में प्लेटो जैसे लोगों ने भी इसका उल्लेख किया। अब ये कलाकृतियां गेला के पुरातत्व संग्रहालय के स्थायी संग्रह का हिस्सा हैं क्योंकि गेला क्क की नई अविश्वसनीय खुदाई सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है। गेला क्क की खुदाई का पहला चरण जुलाई में शुरू हुआ था,

जिसमें जहाज की लंबाई लगभग 15 मीटर और चौड़ाई 5 मीटर थी। गेला क्क को भी लगभग 6 मीटर पानी के नीचे खोजा गया था और इसे उसी संग्रहालय में बहाली के लिए ले जाया जाएगा। अगले कुछ दिनों में, जहाज को तोड़कर ऊपर लाया जाएगा और फिर पार्को आर्कियोलॉजिको डि गेला के अंदर बोस्को लिटोरियो की प्रयोगशालाओं में बहाली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गेला क्क म्यूजियो डेले नवी डि गेला में एक केंद्रीय टुकड़ा होगा।

# भारत से दोबारा दोस्ती करने को बेताब मालदीव

**मालदीव**

**जून** 2024 में प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आए थे। अपनी यात्रा के दौरान वे बेंगलुरु और मुंबई भी जाएंगे, जहां उनके व्यापारिक कार्यक्रम होंगे।

चीन के करीबी मालदीव के राष्ट्रपति को अब भारत की कमी का एहसास होने लगा है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पीएम मोदी से मिलने के लिए दिल्ली



आने वाले हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव गणराज्य के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइजू 7 से 10 अक्टूबर 2024 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। यह उनकी भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इससे पहले वे जून 2024 में प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आए थे। अपनी यात्रा के दौरान वे बेंगलुरु और मुंबई भी जाएंगे, जहां उनके व्यापारिक कार्यक्रम होंगे।

इस साल की शुरूआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था। नई दिल्ली ने माले के समक्ष इस मामले को जोरदार ढंग से उठाया था। मोदी की लक्षद्वीप की यात्रा के बाद सोशल मीडिया एक्स पर उनके पोस्ट को लेकर मालदीव के उपमंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री की आलोचना की थी।

भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले। भारत ने 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया और उनकी जगह डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टरों के संचालन के लिए असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# प्राचीन ऊनी गैंडे का शव मिला, 32000 साल पहले मरे जानवर को देख वैज्ञानिक हैरान

**मॉस्कोः वैज्ञानिकों** ने साइबेरिया की बर्फ में एक बड़ी खोज की है। यहां की बर्फ में एक युवा वुली गैंडे का जमा हुआ शरीर मिला है। यह शव पूरी तरह से ममीकृत है, जिसे हजारों साल पहले शिकारियों ने खाया था।

ऊनी गैंडे का दाहिना भाग अच्छी तरह से संरक्षित है, जिसमें त्वचा और फर के धब्बे हैं जो हजारों साल से उसी तरह बरकरार हैं, जैसे वह शुरूआत में थे। लेकिन इसका बायां हिस्सा दिखाता है कि इसके ऊपर हमला हुआ था। यह जख्म मरने से कुछ समय पहले या बाद के घंटों के हैं।

रूसी विज्ञान अकादमी और सखा गणराज्य के विज्ञान अकादमी के शोधकताओं ने शव से जुड़ी स्टडी लिखी जो डोकलाडी अर्थ साइंसेज जर्नल में 1 जुलाई को छपी है। उन्होंने इसमें लिखा, 'जांघ के ऊपरी भाग से लेकर कंधे तक शव गंभीर रूप से नष्ट हो गया है। शरीर के आंतरिकहिस्से दिखने लगे हैं। ज्यादातर आंतें गायब हैं।' शोधकताओं ने लिखा, 'क्षत-विक्षत शव से यह साफ है कि शिकारियों ने इसका बायां हिस्सा खा लिया था।'

# हमारा देश कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने को प्रतिबद्ध है : अनवर इब्राहिम

**मलेशिया**

**मलेशिया** के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि उनका देश कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने को प्रतिबद्ध है। इब्राहिम ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद कहा कि कश्मीर पर हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस्लामाबाद । पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका देश कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने को प्रतिबद्ध है। इब्राहिम ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ द्विपक्षीय



बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, कश्मीर पर हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन मानवाधिकारों के मुद्दे निश्चित रूप से हमारी चिंताएं हैं।

इब्राहिम की यह टिप्पणी, स्पष्ट रूप से 1948 के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के संदर्भ में थी। इब्राहिम ने यह भी कहा कि मलेशिया कश्मीर मुद्दे पर स्वीकार्य माध्यमों से बातचीत जारी रखेगा और प्रार्थना करता है कि ह्यह्ययह मुद्दा सौहार्दपूर्ण ढंग से हल हो जाए। पाकिस्तान और मलेशिया ने अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश, वाणिज्य, कृषि, पर्यटन, शिक्षा और रक्षा सहित विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। द्विपक्षीय बैठकों का जिक्र करते हुए शरीफ ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, हमने व्यापार, निवेश के अवसरों, रणनीतिक व रक्षा सहयोग, पर्यटन, कृषि, हरित ऊर्जा, कुशल श्रम और युवा सशक्तीकरण पर चर्चा की।